फाल्गुन कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
14 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 15, पृष्ठ-12



पेज 10

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | 25.2° |
| न्यून. | 16.5° | 15.5° |

₹80200 (10 ग्राम)

₹99000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,138.97 | 86.713 |
| -32.11 | -0.187 |

## 600 पन्नों की वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर रिपोर्ट पेश

# वक्फ पर जेपीसी रिपोर्ट से राज्यसभा में हंगामा

**विपक्ष ने कहा, असहमति नोट हटाया**

**सरकार ने कहा, कोई छेड़छाड़ नहीं हुई**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट गुरुवार को संसद में पेश की गई। करीब 600 पन्नों की यह रिपोर्ट राज्यसभा में पेश की गई, जिसके तुरंत बाद सदन में हंगामा प्रारंभ हो गया। नाराज विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए अपने स्थान से खड़े हो गए और सभापति के आसन के नजदीक आ गए। सदन में हंगामा बढ़ने पर कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों का कहना था कि संयुक्त संसदीय रिपोर्ट (जेपीसी) में से विपक्ष के असहमति वाले विचारों को बाहर कर दिया गया है। हालांकि, सरकार ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि रिपोर्ट में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। सभी सदस्यों के विचार को इसमें रखा गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जेपीसी रिपोर्ट में से न तो कोई अंश हटाया गया है, न ही इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे बेहद दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि यह सभी झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट में किसी भी नियम की अवहेलना नहीं की गई है।

शेष पेज 11 पर

### दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक हुई स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का पहला भाग गुरुवार को पूरा हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही 31 जनवरी से शुरू हुई थी। इस दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की गई।

## नया इनकम टैक्स बिल संसद में किया गया पेश

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

● सुधार और कानून को सरल बनाने पर दिया गया है जोर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश किया। नए बिल में कानूनों के सरलीकरण पर जोर दिया गया है। नया कानून पुराने इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की जगह लेगा। पहले का इनकम टैक्स कानून मौजूदा समय में पुराना पड़ चुका है और बार-बार संशोधनों के कारण काफी पेचीदा हो गया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार ने सुधारों और कानून को सरल बनाने पर जोर दिया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सेक्शन की संख्या घटाकर 819 से 536 कर दी गई है। इसमें अनावश्यक छूटों को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही, नए बिल में कुल शब्द संख्या 5 लाख से घटाकर 2.5 लाख कर दी गई है। नए इनकम टैक्स बिल में चीजों को आसान बनाने पर फोकस किया गया है। इसमें 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से रिप्लेस किया गया है। नया टैक्स कानून 01 अप्रैल, 2026 से अमल में लाया जाएगा। लोकसभा में पेश होने के बाद, नए कानून को आगे के विचार-विमर्श के लिए वित्त पर संसदीय स्थायी समिति को भेजा जाएगा।

इनकम टैक्स बिल 2025 मौजूदा टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं करेगा या दी गई टैक्स छूट को कम करेगा। इसके बजाय नए कानून का लक्ष्य छह दशक पुराने कानून को मौजूदा समय के अनुकूल बनाना है।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद गुरुवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर और राज्य की परिस्थितियों की जानकारी के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया है। इस अनुच्छेद के तहत राज्य में संवैधानिक प्रणाली के विफल होने की स्थिति में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है।

### दलाई लामा की सुरक्षा बढ़ाई गई



**नई दिल्ली।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सुरक्षा एजेंसियों को खतरे की आशंका के संबंध में एक खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, खुफिया विभाग ने अपनी रिपोर्ट में दलाई लामा को खतरा होने की बात कही थी। इसके बाद उन्हें 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इस व्यवस्था के तहत दलाई लामा की सिक्योरिटी में 33 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे, जो चौबीसों घंटे उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे।

## रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड की समीक्षा बैठक में अलका तिवारी ने कहा

# योजना ससमय पूरा होने से ही मिलेगा नाबार्ड के ऋण का फायदा

**बोलीं मुख्य सचिव**

● नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को दें गति

● समय पर पूरी होने वाली योजनाओं पर करें फोकस

**नवीन मेल डेस्क**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्रामीण क्षेत्र और ग्रामीणों के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनी पेयजल, सिंचाई, कृषि, पशुपालन आदि से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर हेमंत सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में गुरुवार को राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पॉवर कमेटी की समीक्षा बैठक की। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत है। परियोजनाओं को लेकर बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है।

शेष पेज 11 पर

## मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज रहेंगी स्थगित

**14 फरवरी को होने वाली परीक्षाएं अब 04 मार्च को होंगी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को राज्यभर में स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने शब ए बारात पर होने वाले अवकाश के कारण इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अवकाश को लेकर मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि 04 मार्च 2025 को होगी। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

शुक्रवार (14 फरवरी 2025) को जिन पेपर की परीक्षाएं होनी थी, उनमें जनजातीय भाषा नागपुरी, कुरमाली, खड़िया, खोरठा और पंच परगनिया की परीक्षा शामिल हैं। ज्ञात हो कि जैक की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं विगत 11 फरवरी से शुरू हैं। ये परीक्षाएं 03 मार्च 2025 तक होने वाली थीं, लेकिन अब ये परीक्षाएं 04 मार्च 2025 तक चलेंगी। शब ए बारात के अवकाश के कारण राज्य के सभी सरकारी कार्यालय शुक्रवार को बंद रहेंगे। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### सरकार ने शब ए बारात पर आज घोषित की छुट्टी

**रांची (हि.स.)।** झारखंड सरकार ने शब ए बारात पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 14 अक्टूबर 2024 में जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों और अवसरों पर झारखंड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब ए बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी रांची

**नवीन मेल डेस्क**



● बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली समारोह में लेंगी भाग

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार (14 फरवरी) को रांची के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह 15 फरवरी को मेसरा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के प्लैटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। संस्थान इस वर्ष अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे कर रहा है। बीआईटी मेसरा की स्थापना 1955 में हुई थी। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा बीआईटी मेसरा के कई एल्युमनाई, शिक्षा क्षेत्र के दिग्गजों सहित कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। राष्ट्रपति शुक्रवार को विशेष विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरकर सीधे राजभवन जाएंगी। राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। रांची में 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में कई बदलाव किए गए हैं।

### सोनाहातू में आग लगने से दंपति की जलकर मौत

**रांची।** रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह गांव में बुधवार की देर रात एक घर में आग लगने से दंपति की जिंदा जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, डिबाडीह गांव में बाइक मकैनिक का काम करने वाले रंजीत साहू (46) और उनकी पत्नी मीना देवी (42) की आग में जलकर मौत हो गई है। घटना के समय घर में केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे। गांव वालों ने बताया कि मृत रंजीत साहू का बेटा पंक्चर की दुकान चलाता है और वह रात के समय उसी दुकान में था, इसलिए उसकी जान बच गई। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि बाइक का

शेष पेज 11 पर

## कृषि मंत्री के काफिले में चल रहे 3 वाहन आपस में टकराए

● बाल-बाल बच गईं बसिया प्रखंड की बीडीओ

● सुप्रिया भगत समेत पांच लोगों को आईं हल्की चोटें

**नवीन मेल संवाददाता**



**हादसे का दिन**

**गुमला।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के बसिया प्रखंड के दौरे के क्रम में जोलो गांव के समीप मंत्री के काफिले में चल रहे तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में बसिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुप्रिया भगत बाल-बाल बच गईं। इस दुर्घटना में बीडीओ सुप्रिया भगत समेत पांच लोगों को हल्की चोटें लगी हैं। वहीं, बसिया बीडीओ की टाटा सूमो एवं उससे आगे चल रहे एक स्विफ्ट डिजायर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इस हादसे में बीडीओ के वाहन चालक जगपाल कुमार, जेएसएलपीएस के बनमाली साहू, रामजड़ी निवासी जितेंद्र कुमार भगत एवं ज्योति लकड़ा को हल्की चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का काफिला जोलो गांव की ओर जा रहा था। काफिले में गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई थी। रास्ते में तुकई गांव स्थित स्कूल के पास आगे जा रही ब्रेजा वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसपर स्विफ्ट डिजायर में चल रहे ज्योति कुमार ने भी ब्रेक लगाई। तभी उसके पीछे चल रहे बसिया बीडीओ के वाहन ने स्विफ्ट डिजायर में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### पुंदाग में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर रोड नंबर 4 में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर गुरुवार को एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मजदूर निर्माणाधीन बिल्डिंग के ऊपर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**इंडिया**

# प्रकृति के उपहार पानी का कारोबार खतरनाक



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत के प्राचीन ग्रंथों और साहित्य में वर्णित बहते नदी,नाले का पानी पीने की बात आज इतिहास बनकर समाचार में बदल चुकी है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अवश्य कुछ स्थान ऐसे बचे हैं जहां नदियों नालों के बहते पानी को पीकर अद्भुत तृप्ति मिलती है। दोनों राज्यों में प्राचीन रीति रिवाज के अनुसार नदियों को माता मानकर प्रणाम करने की परंपरा है पर अंधाधुंध आबादी का दबाव और देश के अन्य भागों की तरह सारी गंदगी नदियों में बहाने की शुरुआत वहां के निचले हिस्से में शुरू हो गई है जिससे गंगाजल जैसा अतुलनीय पवित्र जल भी अपना गुण खोने को है । वैसे दुनिया में प्रदूषित भूजल सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। दुनिया के शोध सुबूत हैं कि रेडियो एक्टिव पदार्थों और भारी धातुओं की बढ़ती मात्रा ने भूजल की गुणवत्ता गिराने के साथ ही मानव जीवन को संकट में डाला है। हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के 156 देशों के भूजल में सल्फेट की मात्रा अधिक पाई गई है, जिनमें भारत के अलावा अल्जीरिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब, इटली, स्पेन, मेक्सिको, अमेरिका, ट्यूनीशिया, ईरान आदि देशों के भूजल में सल्फेट की मात्रा अत्यधिक होने से लगभग 1.70 करोड़ लोग पेट और आंत की बीमारियों की भीषण चपेट में हैं। अध्ययन के मुताबिक, दुनिया में लगभग 19.4 करोड़ लोग 250 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक सल्फेट युक्त पानी के संपर्क में हैं। इसे डब्ल्यूएचओ ने भी माना है कि दुनिया में 1.70 करोड़ लोग 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक सल्फेट वाला पानी पी रहे हैं। इनमें से 82 फीसदी लोग भारत, अमेरिका, मेक्सिको, स्पेन समेत 10 देशों में रहते हैं। अध्ययन में खुलासा हुआ है कि स्पेन में सर्वाधिक 277.86 मिलीग्राम, अफगानिस्तान में 183.32 मिलीग्राम, मेक्सिको में 175.05 मिलीग्राम, पाकिस्तान में 135.01 मिलीग्राम, अमेरिका में 97.85 मिलीग्राम और भारत में 81.71 मिलीग्राम सल्फेट युक्त पानी का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार सल्फेट युक्त पानी स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है। सल्फेट के कारण पाइप भी गल जाता है। यही नहीं फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्वों को अलग करके पारिस्थितिकी के नुकसान का कारण भी बनता है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण से सल्फेट की अधिकता भी बढ़ी है और इससे वैश्विक स्तर पर जल की गुणवत्ता भी गहरे तक प्रभावित होगी। भारत में अधिकांश आबादी पीने के पानी के लिए भूजल पर ही निर्भर है। 2050 तक पानी की मांग में 25 प्रतिशत से अधिक की और बढ़ोतरी की चेतावनी ने यह सोचने पर विवश कर दिया है कि आखिर इस संकट का समाधान कैसे होगा? सच है कि भूजल दोहन के मामले में हमारा देश शीर्ष पर है। इसके चलते देश के उत्तरी गांगेय इलाके में, तो भूजल खत्म होने के कगार पर है। देश की राजधानी दिल्ली सहित देश के कई शहरों का डार्क जोन में आना और एनसीआर में गंभीर पानी का संकट इसका जीता जागता सुबूत है। भूजल के मामले में पंजाब की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वहां की 94 फीसदी आबादी पीने के पानी के लिए भूजल पर ही निर्भर है। नतीजतन भूजल में भारी धातुओं और रेडियो एक्टिव पदार्थों की मौजूदगी में तेजी से इजाफा हुआ। इस मामले में हरियाणा भी पंजाब से पीछे नहीं है। हरियाणा में भूजल निकासी 137 फीसदी से भी अधिक है, जबकि देश में भूजल निकासी 63 फीसदी है। देश के सबसे बडे.राज्य उत्तर प्रदेश के दस महानगर अति दोहित की श्रेणी में हैं।आर्सेनिक, नाइट्रेट, सोडियम, यूरेनियम, फ्लोराइड आदि की अधिकता के कारण भूजल मानव स्वास्थ्य के साथ ही सिंचाई के लिए भी नुकसानदायक साबित हो रहा है। आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और उत्तर प्रदेश के भूजल के 12.5 फीसदी नमूने उच्च सोडियम की मौजूदगी के कारण सिंचाई के लिए अनुकूल नहीं पाए गए हैं। देश के 440 जिलों के भूजल में बढ़ा नाइट्रेट का स्तर गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर रहा है। सीजीडब्ल्यूबी की रिपोर्ट की मानें, तो पानी के 9.04 फीसदी नमूनों में फ्लोराइड का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक और 3.55 फीसदी आर्सेनिक की मौजूदगी पाई गई। राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु में 40 फीसदी से ज्यादा नमूने सुरक्षित सीमा से अधिक पाए गए। महाराष्ट्र में पानी में नाइट्रेट का स्तर 35.74, तेलंगाना में 27.48, आंध्र प्रदेश में 23.5 और मध्य प्रदेश में 22.58 फीसदी से भी ज्यादा उच्च स्तर तक दर्ज किया गया है, जबकि हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में यह स्तर लगातार बढ़ रहा है।यह प्रदूषण पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर, किडनी, हड्डियों और त्वचा की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। नवजात शिशु के लिए तो यह जानलेवा बन गया है। देश में भूजल की गुणवत्ता में तेजी से आ रही गिरावट के लिए उद्योगों से निकलने वाले दूषित जल के उपचार की व्यवस्था न हो पाना, खेती में ज्यादा से ज्यादा उपज पाने की चाहत के चलते अंधाधुंध उर्वरकों का प्रयोग, बेतहाशा बढ़ रहा शहरीकरण, सीवेज लीकेज, घरेलू कचरा और कूडे-कचरे के पहाड़ मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। इन पर अंकुश लगाए बिना भूजल की गुणवत्ता हासिल कर पाना टेढ़ी खीर है। जनता यमुना नदी की सफाई पर दिल्ली में वोट करती है और झारखंड में हर गली में पेयजल के लिए आरओ के कारखाने हमें संकेत दे रहे हैं।



## देवघर के मधुपुर में हेडमास्टर की सरेआम बम मारकर हत्या



**नवीन मेल डेस्क**

**देवघर।** देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र में एक सरकारी माध्यमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक 52 वर्षीय संजय दास की अपराधियों ने गुरुवार को बम मारकर हत्या कर दी। वे मधुपुर के महुआडाबर गांव स्थित विद्यालय में पदस्थापित थे। जानकारी के अनुसार, संजय दास गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्कूल पहुंचे। बायोमेट्रिक अटेंडेंस दर्ज करने के करीब आधे घंटे बाद वे स्कूल से निकलकर अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पिपरासोल नामक जगह पर उन पर बमों से हमला किया गया। जोरदार विस्फोट से इलाके में भगदड़ मच गई। संजय दास गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन पर हमला करने वाले अपराधी बाइक पर सवार होकर आए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वे आराम से फरार हो गए। संजय दास के परिजन भी घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे।घटना की सूचना मिलते ही मधुपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उनका शव उठाकर स्थानीय हॉस्पिटल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपराधियों की तलाश में आसपास के इलाके में छापेमारी की जा रही है।

शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज और कल झारखंड में

# यातायात एसपी ने बदले हुए मार्गों की जानकारी रखने का दिया परामर्श

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 और 15 फरवरी को झारखंड में होंगी। इस दौरान यातायात एसपी ने कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। उन्होंने बताया है कि परीक्षार्थी से लेकर हवाई यात्री सभी के लिए जानकारी रखनी उपयोगी होंगी। यातायात एसपी ने बताया है कि शुक्रवार व शनिवार को दो दिनों के लिए रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। यातायात एसपी ने शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, बाइपास रोड, न्यू मार्केट चौक, हॉट लिप्स चौक और राजभवन मोड़ तक सड़कों का कम से कम उपयोग करें।

इस दौरान कांके, रातू, दलादली, काठीटांड़ और काठीटांड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर के मुख्य मार्ग लालपुर रोड और कांटाटोली होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। कांके रोड, रातू रोड, काठीटांड़ से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक और कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

## एयरपोर्ट के लिए विशेष निर्देश



रांची एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने वाले सभी यात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार, जिन्हें 14 फरवरी को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचना है और जिनका समय शाम 4 से 5:30 बजे के बीच है, वे कोशिश करें कि वे दोपहर 3:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाएं। जिन्हें 15 फरवरी को हवाई यात्रा करनी है और जिनका समय दोपहर 11:00 से 1:30 बजे के बीच है, उन्हें सुबह 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

## बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक



15 फरवरी को शहर में बड़े वाहनों पर रोक का आदेश जारी किया गया है। इस दौरान सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक शहर में सभी प्रकार के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके साथ ही पलामू, गढ़वा, लातेहार और गुमला से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

## वाहनों को निर्देश

रांची ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार 14 फरवरी को सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश भी वर्जित किया गया है।

## मैट्रिक परीक्षा के लिए भी निर्देश जारी

झारखंड में अभी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए 15 तारीख को मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रथम पाली के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय सुबह 9:30 बजे तक तय किया गया है। वहीं, दूसरी पाली के लिए परीक्षार्थियों को दोपहर 12:00 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

## कौन से मार्ग रहेंगे बंद



14 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कांके, रातू, दलादली, काठीटांड़ और काठीटांड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर के मुख्य मार्ग लालपुर रोड और कांटाटोली होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। वहीं एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, बाइपास रोड, न्यू मार्केट चौक, हॉट लिप्स चौक और राजभवन मोड़ तक सड़कों का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी गई है।कांके रोड, रातू रोड, काठीटांड़ से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक और कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा जमशेदपुर से आने वाले सभी बड़े वाहन, जिन्हें पलामू की ओर जाना है, वे रामपुर रिंग रोड से बाएं मुड़कर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। 15 फरवरी को हजारीबाग से आने वाले बड़े वाहन, जिन्हें पलामू गुमला की ओर जाना है, वे नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं मुड़कर रामपुर चौक होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

### विश्व रेडियो दिवस पर हुआ विशेष आयोजन

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन विभाग में गुरुवार को विश्व रेडियो दिवस पर विशेष कक्षा का आयोजन हुआ। इस कक्षा में शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने रेडियो के आविष्कार व इसके सफर के बारे में रोचक जानकारी दी। संतोष उरांव ने भारत में रेडियो प्रसारण के इतिहास और श्रव्य माध्यम के रूप में रेडियो के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सदर इलाके में तीन फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र में तीन फ्लैट का ताला तोड़कर का चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। सदर थाना क्षेत्र के पीतांबर रेजिडेंसी के तीन फ्लैट्स का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने और नगद रुपया का चोरी कर लिया। चोरों ने पीतांबर रेजिडेंसी के फ्लैट नंबर 305, 401 और 402 में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फ्लैट नंबर 401 में रहने वाले अमित कुमार के ससुर का देहांत हो गया था। जिसकी वजह से वह अपने परिवार के साथ हजारीबाग गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। उनके फ्लैट से 12 लाख के गहने और कुछ नगद पैसे चोर चोरी कर ले गए हैं। फ्लैट नंबर 305 और 402 में रहने वाले लोग अभी तक नहीं आ पाए हैं, इसलिए उनके यहां चोरी कितने की हुई है इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है।

## न्यूज बॉक्स

### आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी है। कुलपति के निर्देश पर गुरुवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दी। इस अधिसूचना में कहा गया है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल स्थगित की जा रही है।

### स्कूलों में भाषा व गणित विषय की पढ़ाई पर हुई चर्चा



**रांची।** जिला प्रशासन एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रखंड के विद्यालयों में चलाए जा रहे बेसिक कार्यक्रम की समीक्षा गुरुवार को पूरनानगर सीआरसी में की गई। इसके तहत मध्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की भाषा एवं गणित विषय के प्रारंभिक जांच के उपरांत विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार प्रतिदिन एक घंटे शिक्षण अधिगम गतिविधियां जारी है। बैठक में विद्यालयों के विद्यार्थियों के प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर लर्निंग आउटकम में सुधार को लेकर चर्चा की गई। नोडल शिक्षक द्वारा प्रतिदिन सुचारू रूप से क्लास संचालन, बचे कार्य अवधि में बच्चों का शैक्षणिक स्थल में सुधार को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के कीर्ति राज साहू, संकुल प्रभारी सच्चिदानंद गोराई, सीआरपी सरोज कुमारी, सीआरसी अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में जिले में 99 प्रतिशत विद्यार्थी रहे उपस्थिति

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर परीक्षा के दूसरे दिन गुरुवार को 99 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही। पहली पाली में मैट्रिक परीक्षा में 99.52 प्रतिशत छात्र शामिल हुए। कुल 102 परीक्षा केंद्र में से 35 केंद्रों में कॉमर्स और गृह विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। कॉमर्स में 317 में 316 परीक्षार्थी शामिल हुए। गृह विज्ञान में 1766 में से 1757 परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी पाली में 57 केंद्रों पर इंटर की परीक्षा हुई। हिन्दी-ए विषय में 11313 में से 11234 और अंग्रेजी-ए में 12317 में से 12244 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। किसी भी केंद्र से निष्कासन की सूचना विभाग को नहीं मिली। अब 15 फरवरी को प्रथम पाली में अरबी/फारसी/हो/मुंडारी/संथाली/उरांव विषय की परीक्षा होगी। वहीं, दूसरी पाली में कला संकाय में इलेक्टिव लैंग्वेज और साइंस व कॉमर्स में अतिरिक्त विषय की परीक्षा होगी।

### जेसीआई ने किया 25 यूनिट रक्त का संग्रह




**रांची।** जेसीआई रांची ने लालपुर स्थित हरिओम टावर में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया। इस शिविर को नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से पूरा किया गया। शिविर में 40 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें महिला और छात्राएं भी शामिल थीं। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। मौके पर जेसीआई के अध्यक्ष प्रतीक जैन ने साल के पहले रक्तदान शिविर की शुरूआत की। वहीं संस्था के अन्य सदस्यों और उनके परिचित ने भी रक्तदान किया। जेसी प्रतीक जैन ने सभी को संदेश दिया कि हमें नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए इससे हमारे शरीर के अंदर का रक्त भी समय समय पर बदलता है और रक्तदान कर किसी की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। इस शिविर का संचालन नितिन पोद्दार और साहित्य पवन ने किया और उनका साथ डायरेक्टर ब्लड किशन अग्रवाल, वीपी कम्युनिटी अभिषेक जैन, सेक्रेट्री सनी केडिया ने दिया। इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपना सहयोग दिया।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर में गुरुवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 122 लोगों की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें से 30 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन सभी मरीजों की निःशुल्क सर्जरी गाँधीनगर अस्पताल में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, अन्य सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गईं एवं हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन की भी निःशुल्क जांच की गई। शिविर के सफल आयोजन में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। इसमें डॉ. रत्नेश जैन (सीएमएस, सीसीएल), डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. रजनी दीपा कुजूर, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. आशिमा, डॉ. दीपाली, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. नरेश, डॉ. पारुल, डॉ. शांभवी, डॉ. दिव्या, डॉ. वीणा, डॉ. ज्योति शामिल हैं। इसके अलावा मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, देवदत्त गुप्ता, हरमन एवं समस्त पारा-मेडिकल स्टाफ ने भी शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## एसएफटी फाइलिंग में त्रुटियों पर आयकर विभाग ने दी जानकारी, सही रिटर्न करें दाखिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आयकर विभाग द्वारा स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन (एसएफटी) फाइलिंग में आने वाली त्रुटियों के निराकरण की जानकारी देने के लिए आउटरीज कार्यक्रम के तहत गुरुवार को हिनू स्थित निबंधन कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। आयकर के उपनिदेशक शशि भूषण शर्मा ने कहा कि निबंधन पदाधिकारी 30 से 50 लाख रुपए से ऊपर के दस्तावेजों की जानकारी आयकर विभाग को ससमय भेजें। यह एक अति महत्वपूर्ण कार्य है। करों से ही देश के नागरिकों को बेहतर सुख-सुविधा प्रदान की जाती है। इसलिए, हमेशा सही रिटर्न दाखिल करें। हमें कर चोरी को रोकने के लिए सजग और सचेत होकर कार्य करना होगा। अवर निबंधक बाल्मिकी साहू ने कहा कि विगत दिनों में आधार और पैन के आपस में जुड़ने से और एनजीडीआरएस पद्धति में पैन सत्यापन के अनिवार्य बन जाने से अब एसएफटी दाखिल करना पहले से सरल हुआ है। त्रुटियां भी पहले की अपेक्षा कम हो रहीं हैं। मौके पर अवर निबंधक (ग्रामीण) संतोष रजक भी मौजूद थे। कार्यशाला में ऑनलाइन एसएफटी रिटर्न दाखिल करने के आने वाली सामान्य दिक्कतों और बरती जानेवाली सावधानियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया।

### आज / कल




### विश्व रेडियो दिवस

## रेडियो नें पिछले 100 सालों से दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया : आनंद प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आज विश्व रेडियो दिवस है जो इसके महत्व को रेखांकित करता है। रेडियो ने पिछले 100 सालों से दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। आज रेडियो न सिर्फ मनोरंजन का साधन मात्र भर है बल्कि यह सूचना, शिक्षा, कला और संस्कृति का भी महत्वपूर्ण स्त्रोत है। इसके साथ सामजिक जागरुकता को भी बढ़ावा देता है। उक्त बातें पूर्व उप निदेशक (अभियंत्रण ) आकाशवाणी रांची के आनंद प्रकाश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है जो बहुजन हिताय - बहुजन सुखाय के मूल सिद्धांत पर कार्य करते हुए दुनिया भर में लोगों को जोड़ा है। उन्हें एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर भी प्रदान करता है। यहीं कारण है कि प्रधानमंत्री सम-सामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम मन की बात के तहत रेडियो से ही लोगों के साथ संवाद स्थापित करते हैं। इस विशेष अवसर पर हम अपने सभी स्त्रोताओं को शुभकामना देते हैं, जिनका स्नेह और प्यार अनवरत रेडियो को प्राप्त होता रहा साथ ही साथ इसकी गूंज को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर्मियों (अधिकारी एवं कर्मचारी) को भी अभिन्दन।

## झारखंड में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड चेस्ट फिजिशियन एसोसिएशन ने गुरुवार को होटर बीएनआर चाणक्या में फेफड़ों के कैंसर पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें रांची और आसपास के लगभग 25 चिकित्सक शामिल हुए। झारखंड में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी की जानकारी दी गई। सेमिनार में बताया गया कि फेफड़ों के कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। धूम्रपान के अलावा अन्य कारण भी हैं, जिनकी वजह से यह बीमारी हो रही है। अब यह बीमारी केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है। 25 से 40 साल के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। अच्छी बात यह है कि रांची शहर में इस बीमारी की जांच और इलाज दोनों उपलब्ध हैं। मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम का आयोजन छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. अत्री गंगोपाध्याय और कर्कट रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजेश सिंह ने किया था। इस सेमिनार में डॉ. निशित कुमार, डॉ. योगेश जैन, डॉ. सुप्रोवा चक्रवर्ती, डॉ. अनीश चौधरी, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. श्वेता वर्मा और डॉ. चंद्रशेखर ने अपने विचार रखे।

# शहरों का जीवन स्तर विकसित करने के सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाएं : नगर विकास सचिव

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा है कि शहरों का सुंदरीकरण एवं गरिमा बढ़ाने की जवाबदेही नगर निकायों की है। इसके लिए शहरों मे रह रहे लोगों का जीवन स्तर गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए बुनियादी सुविधाएं बढाई जाए। वे गुरुवार को नगर निकायों के योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की समीक्षा में कहा कि शहरों की गरिमा बढ़ाने एवं सुव्यवस्थित नगरीकरण लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाकर उपलब्ध कराया जाए। शहरों के जीवन स्तर को विकसित करने के लिए नागरिकों को हर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाए। प्रधान सचिव ने इस योजना में 70 प्रतिशत से कम काम कराने वाली नगर निकायों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मार्च के अंत तक काम के प्रतिशत को बढ़ाया जाए। साथ ही सभी योजनाओं के लिए आवंटित राशि मार्च तक खर्च की जाए। किसी भी हाल में राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## निविदा निष्पादन का काम नहीं लटकाएं

प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि निविदा निष्पादन के काम को लटकाया नहीं जाए। जो कंसेसनायर, कंसल्टेंट और एजेंसी काम में लापरवाही करते हों, उन्हें नोटिस देकर टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाए। छोटी परियोजनाओं के लिए कंसलटेंट और एजेंसियों का पैनल बना कर कार्य कराएं जिससे कोई कार्य लटके नहीं। सिवरेज, सेप्टेज और जलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सिवरेज सिस्टम उत्कृष्ट नगरीय व्यवस्था का प्रमुख पहलू है। इसलिए जमीन और अन्य तकनीकी अनुपलब्धता का बहाना नहीं बनाया जाए। 15 दिनों के भीतर सिवरेज और सेप्टेज से संबंधित योजनाओं का डीपीआर बना कर कार्य आवंटित किया जाए। जलापूर्ति योजनाओं के तहत पाइप बिछाने से पहले जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बनवा लिया जाए।



### शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाए

शहरों मे स्थित या नए बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाए जिससे लोग वहां ठहरने में झिझके नहीं। बिजली, पानी और फर्नीचर सुदृढ़ होना चाहिए। स्वरोजगार के लिए लाभुकों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाए ताकि बड़े पैमाने पर जरूरतमंद अपना व्यवसाय बढ़ा सकें। इसके लिए सिटी मिशन मैनेजरों को जवाबदेही दी जाए। बैठक में सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, रांची नगर निगम क प्रशासक संदीप कुमार, डीएमए डायरेक्टर सत्येंद्र कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार दूबे, ओएसडी विजय कुमार, जुडको के पीडीटी, गोपाल जी, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर बनाई जाए योजनाएं

राज्य और शहरों का सम्मान वहां उपलब्ध आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं से ही होता है। इसलिए क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर योजनाएं बनाई जाए। इसमे संबंधित उपायुक्तों से समन्वय बना कर काम किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिजली और पानी जरूर उपलब्ध कराने का प्रावधान होना चाहिए।



## एक नजर

### नरकोपी रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर मजदूर की मौत

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम चपाड़ी के नजदीक रेलवे ट्रैक पर 45 वर्षीय भुवनेश्वर उरांव पिता स्वर्गीय सुना भगत ग्राम करकरी नावाटोली थाना नरकोपी का शव क्षत विक्षत हालत में पोल संख्या 458/12 ,458/13 के पास मिला है। शव की पहचान उसकी पत्नी सुकरो उराईन ने की है। मृतक भुवनेश्वर उरांव की पत्नी सुकरो उराईन के अनुसार उसका पति छह सात दिन पहले मजदूरी कर उड़ीसा से लौटा था। आज उसे कहीं जाना था तो उसकी पत्नी ने कहा कि ऑटो रिक्शा से चले जाना लेकिन उसके पति को शराब पीने की आदत थी। ऑटो रिक्शा का पैसा बचाकर फिर से शराब पी और ट्रैक पार कर रहा था तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटनास्थल स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रेलवे पुलिस फोर्स ने भी घटना को ट्रैक पार करते समय घटी है ऐसा बताया गया।

### हेहल किड्स ने 39 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में हेहल किड्स बनाम बाजरा सीए के बीच खेला गया। हेहल किड्स ने 26.2 ओवर में 10 विकेट पर 134 रन बनाया। स्वप्निल ने 23, कृष्णा ने 15, कृष ने 15 रन बनाया। गेंदबाजी में आकाश दीप ने 32 रन देकर 4 विकेट, अभिषेक ने 19 रन देकर 3 विकेट दिया। बाजरा सीए ने 25 ओवर में 10 विकेट पर 95 रन बनाया। वैभव ने 14, आकाश दीप ने 13 रन बनाया। संस्कार ने 15 रन देकर 3 विकेट, कृष्णा और कृष ने 2-2 विकेट लिए। हेहल किड्स ने 39 रन से जीत दर्ज की।

### वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 9 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू में वाईबीएन सीए बनाम टाटीसिल्वे सीए के बीच खेला गया। वाईबीएन सीए ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 141 रन बनाया। ओम प्रकाश कुमार ने 54 रन बनाया। यशराज ने 2 विकेट लेकर 19 रन व पीयूष ने 2 विकेट लेकर 15 रन व शिवम चक्रम ने 2 विकेट लेकर 29 रन दिया। टाटीसिलवे सीए ने 30 ओवर में आठ विकेट पर ने 132 रन बनाया। आध्या कुमार ने 25 रन व आर्यन कुमार ने 20 रन बनाया। अभिनव कुमार ने 4 विकेट लेकर 21 रन व विकास नायक ने 2 विकेट लेकर 38 रन दिया। वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 9 रन से जीत दर्ज की।

### सरला बिड़ला स्कूल 9 विकेट से जीता

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट साखा मैदान में सरला बिड़ला स्कूल बनाम सारदा ग्लोबल स्कूल के बीच खेला गया। सारदा ग्लोबल स्कूल ने 32 ओवर में सात विकेट पर 188 रन बनाया। एमडी शाजेब ने सर्वाधिक 76 रन व ईशित तिवारी ने 40 रन बनाया। कुमार श्रेष्ठ ने 3 विकेट लेकर 31 रन व अक्षत तिवारी ने 2 विकेट लेकर 20 रन दिया। सरला बिड़ला स्कूल ने 19.4 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाया। अक्षत तिवारी ने 100 रन बनाया। ग्रंथ मुंजाल ने 35 रन बनाया। वहीं ईशित तिवारी ने 1 विकेट लेकर 45 रन दिया। सरला बिड़ला स्कूल 9 विकेट से जीता।

### कुष्ठ रोग पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी की अध्यक्षता में गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी गयी। वहीं 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत एनएसआरआईएफ डॉ सानिध्य भार्गव, एनएलआर कोऑर्डिनेटर डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती ने मार्गदर्शन दिया।

38वें नेशनल गेम्स : महिला हॉकी टीम ने महाराष्ट्र को हरा कांस्य पदक जीता

# झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण 06 रजत, 11 कांस्य समेत कुल 24 पदक

### खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। देहरादून** 38वे नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में झारखंड महिला हॉकी टीम अपने अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 2- 1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त किया। झारखंड टीम की ओर से प्रमोदनी लकड़ा और अलबेला रानी टोप्पो ने एक- एक गोल की। हरिद्वार में आयोजित हॉकी मैच में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2 - 1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त की। झारखंड टीम की ओर से पहले क्वार्टर में मैच के 12 वे मिनट में प्रमोदनी लकड़ा ने फिल्ड गोल कर झारखंड की 1- 0 से बढ़त दिलाई तत्पश्चात दूसरे क्वार्टर सुरू होते ही मैच के 17 वें मिनट में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर झारखंड के बढ़त को 2- 0 कर दी, मध्यांतर के बाद महाराष्ट्र की टीम ने 39 वें मिनट में एक गोल कर वापसी करने का प्रयास किया, परंतु झारखंड के खिलाड़ियों ने उन्हें और कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद सहित अन्य ने बधाई दी।

# लापुंग के कातिंगकेला में सादगी के साथ मनाया गया शब-ए-बारात

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** गुरुवार को लापुंग प्रखंड के कातिंगकेला फतेहपुर और ककरिया सहित आसपास के गांवों में शब-ए- बारात की रात इबादत व मगफिरत की दुआओं के साथ सादगी पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़े शौक व जौक के साथ गोविंदपुर एवं फतेहपुर सहित ककरिया के मस्जिदों में इबादतों का एहतेमाम किया। देर रात स्थानीय कब्रिस्तानों में पहुंच कर अपने-अपने पूर्वजों के कब्रगाहों की जियारत कर दरूद व फातिहा पढ़े गए। साथ ही उनके हक में मगफिरत की दुआ की गई। इसके पूर्व मस्जिदों में लोग सामूहिक रूप से अल्लाह की इबादत में शामिल हुए। मौके पर कलाम-ए-पाक की तिलावत और नफल नमाजें अदा की गई। इसके अलावा घरों में भी लोग इबादत में रात गुजारे। इस दौरान लोगों ने गुनाहों से तौबा की तथा समस्त मानव जाति के लिए अमन चैन व खुशहाली की सामूहिक रूप से दुआ की गई। इस मौके पर कातिंगकेला में इमाम हाफिज तौसीफ रजा, सदर असमुद्दीन खान, सेक्रेटरी रफीक मियां, सलीम मियां, सरोज मियां, नजीब मियां सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

### बबलू उरांव बने बुढ़मू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि

**बुढ़मू।** कांके विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सुरेश बैठा ने ठाकुर गांव चापाटोली निवाशी बबलू उरांव को बुढ़मू प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है, साथ ही सरवर आलम को जल संसाधन तथा राजेंद्र यादव को कृषि एवं पशुपालन प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इन तीनों को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर बिधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी,झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, अख़्तर हुसैन, गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, राजू उरांव, शिव शंकर उरांव, श्यामलाल पाहन, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक को धन्यवाद दिया है।

## न्यूज | बॉक्स

### अस्कोट सीए ने 6 विकेट से जीत हासिल की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट ओटीसी ग्राउंड में अस्कोट सीए बनाम दांगी सीए के बीच खेला गया। दांगी सीए ने 29.4 ओवर में 10 विकेट पर 157 रन बनाया। कुमार आदित्य सिंह ने 48 रन, अर्पित राज ने 37 रन व ज्ञानू शर्मा ने 11 रन बनाया। अमन कुमार रवि ने 27 रन देकर 4 विकेट व कासिफ आलम ने 24 रन देकर 2 विकेट लिया। अस्कोट सीए ने 22.2 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाया। संतोष कुमार ने 68 रन, रूपेश कुमार ने 30 रन व अविनाश कुमार ने 24 रन बनाया। राजेश कुमार दांगी ने 23 रन देकर 2 विकेट लिया। वहीं अस्कोट सीए ने 6 विकेट से जीत हासिल की।

### पावर क्लब ने 47 रनों से जीत दर्ज की

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में पावर क्लब बनाम यूथ मंथन के बीच खेला गया। पावर क्लब ने 34 ओवर में 10 विकेट पर 195 रन बनाया। आकाश दत्ता ने 69 व शैलेंद्र ने 20 रन बनाया। जितेंद्र ने 3 विकेट लेकर 11 रन व सौरव ने 2 विकेट लेकर 30 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी यूथ मंथन ने 26.5 ओवर में 10 विकेट पर 148 रन बनाया। शशांक ने 35, तौहीद व सौरव ने 31 रन बनाया। शिवम ने 4 विकेट लेकर 24 रन व आकाश ने 3 विकेट लेकर 43 रन दिया। पावर क्लब ने 47 रनों से जीत दर्ज की।

### सात्विक मेमोरियल का फाइनल मैच आज

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता (2024 - 25) का फाइनल मैच शनिवार सुबह 9.00 बजे गोलचक्र मैदान, धुर्वा में खेला जाएगा। फाइनल मैच पॉवर क्रिकेट एकेडमी और इन दोनों टीमों अरुणोदय क्रिकेट एकेडमी बनाम साईं धुर्वा बी के विजेता बीच खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह संध्या 3.30 बजे किया जाएगा।

### राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम घोषित




**रांची।** करनाल, हरियाणा में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाली 71वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई। टीम का चयन विगत महीने पलामू में संपन्न 17वीं सीनियर झारखंड राज्य महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। टीम का कप्तान राष्ट्रीय महिला कबड्डी खिलाड़ी रेशम तारा को बनाया गया है, जबकि टीम का प्रशिक्षक उपेंद्र कुमार एवं प्रबंधक निधि उपाध्याय को बनाया गया है। उक्त की जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए दी।ब टीम के चयनित खिलाडियों को शुभकामना देने वालों में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के मानद चेयरमैन बिपिन कुमार सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, मदन मोहन पांडेय, तेजनारायण, महासचिव मुकेश सिंह, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन जगदीश कुमार, आलोक कुमार, नवनीत सोनू, प्रवीण सिंह, मदन राय आदि शामिल हैं।

### मंत्री ने दो ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**लापुंग।** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के प्रयासों से लापुंग प्रखंड के अकमरोमा गांव में दो अलग-अलग 25-25 केवीए का पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कृष्णा साहु ने फीता काट कर किया । उद्घाटन के दौरान कृष्णा साहु ने बताया कि अकमरोमा गांव में 163 केवीए का पावर ट्रांसफार्मर का बहुत जल्द उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर विभाग द्वारा दी गई गांव में दो अलग-अलग पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। तीसरी पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भी कल या परसो किया जाएगा। इस मौके पर गांव के समाजसेवी अमित गोप, सूरज साहू, चमरू मुंडा, तपेश्वर गोप, लाखो मुंडा, राजेन्द्र गोप, संतु साहू, छात्रेश्वर गोप, सुकरा मुंडा, दयानंद तुरी, आनंद साहू, योगेंद्र गोप, सुदीप साहू, संजय गोप, विष्णु साहू, भीमा मुंडा, मेगराज गोप सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता और सदस्य मौके पर मौजूद थे।

### पोषित बचपन अभियान के तहत 1-5 वर्ष के बच्चों की मेडिकल स्क्रीनिंग की गई



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बांसारुली पंचायत में गुरुवार के दिन हिंडालको सीएसआर विभाग एवं राजकुमारी फाउंडेशन की टीम के संयुक्त तत्वधान में पोषित बचपन अभियान के तहत लगभग 60 बच्चों का मेडिकल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। जांच में कुपोषित पाए गए बच्चों के माता-पिता को आवश्यक जानकारियां दी गई साथ ही कुपोषण से प्रभावित बच्चों के साथ पंचायत भवन में 17 फरवरी से 15 दिवसीय पोषण शिविर का आयोजन कर बच्चों को पोषित करने का प्रयास किया जाएगा और अगले 4 माह तक जांच कर तथा पोषण किट का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मौसम ने बताया कि कुपोषण एक स्वास्थ्य समस्या है जो पोषण की कमी या संतुलन के कारण होती है इससे शरीर के आकार, संरचना और कार्य पर बुरा असर पड़ता है। कुपोषण से शारीरिक और मानसिक समस्याएं भी उत्पन्न होती है। वहीं फाउंडेशन के सुप्रिया सिंह ने कहा कि यह पहला बच्चों के पोषण को सुधारने और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में गांव वालों ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्र की सेविकाएं एवं अन्य लोग भी भाग लिए।

### स्कूल में वार्षिक खेलकूद के विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि इस तरह का आयोजन से छात्रों में खेल भावना और टीमवर्क को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। इस आयोजन से विद्यार्थियों को शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। वहीं प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों के शारीरिक कौशल को विकसित करने एवं स्वस्थ रहने में सहायता मिलती है।इस कार्यक्रम में शिक्षक गोविन्द्र कुमार सिंह, राकेश,जितेंद्र महतो ,विपुल रॉय, राहुल भद्रा ,नकुल बड़ाईक,प्रेमचंद महतो, विपुल राय,प्रतिमा देवी ,आशा चौधरी ,पायल साव, सुजाता कुमारी एवं हर्षा कुमारी मौजूद रहे।

एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# परियोजना के माध्यम से दीदीयों की आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

*समेकित कृषि के माध्यम से समूह की दीदीयों के आजीविका संवर्धन पर चर्चा की गई*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड के सभागार मे एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, उपमुखिया संतोष कुमार, खुखरा के मुखिया जतरू उरांव, जरिया की मुखिया कुवांरी खलखो, पुरियो मुखिया नीरज कुजूर एवं जेएसएल पीएस पलाश के मुकेश सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिन्हा के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुकेश सिन्हा ने कहा कि बेडो प्रखंड मे कुल तीन समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है। समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा। टीआरआईएफ के प्रैक्टिसनर शीला मातंग और दीपशिखा, एसोसिएट प्रैक्टिसनर के द्वारा विस्तार से आईएफसी के बारे में जानकारी दिया। साथ में उन्होंने बताया कि आईएफसी में काम करने के लिए कैसे लाभुकों का चयन करना है।

स्कूल में किड्स स्पोर्ट्स का किया गया भव्य आयोजन

# हार- जीत की परवाह किए बगैर प्रतिभागी बनना बड़ी बात : महाप्रबंधक



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी में किड्स स्पोर्ट्स 2025 का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण कर व नन्हे खिलाड़ी वैभव को मशाल सौंपकर किड्स स्पोर्ट्स का शुभारंभ किया। डीएवी गान गाया गया। छात्रा चंचल कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को बिना किसी भेदभाव व पूर्वाग्रह के खेलों में भाग लेने की प्रतिज्ञा दिलाई। महाप्रबंधक ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अहम भूमिका है। खेल में हार जीत की परवाह किए बगैर प्रतिभागी बनना बड़ी बात है। खेल व अन्य गतिविधियों में विद्यालय के प्रयास की सराहना की। कहा कि एल्यूमिनी मीट का आयोजन करें ताकि पूर्व छात्र कनिष्ठ साथियों को बेहतर सलाह दें। सीसीएल की ओर से विद्यालय को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस ने विजेताओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों के हौंसले एवं खेल भावना की सराहना की जिन्होंने खेलों में बिना किसी हार जीत की परवाह किए भाग लिया है। विजेताओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय खेलों में वालीबाल में अनुरागकुमार सिंह ने स्वर्ण, ताइक्वांडो में ईभा कुमारी रजत, एरोबिक्स में पारुल कुमारी कांस्य व अंशिका कुमारी रजत व भारोत्तोलन में हिमांशुकुमार मांझी ने कांस्य पदक हासिल कर डीएवी खलारी व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि ने इन खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर तथा उनके माता-पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास के साथ वर्तमान में शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रसिद्ध बाबा बनखंडी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का होगा आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लेंगी भाग



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध बाबा बनखंडी धाम में शिवरात्रि का महापर्व धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष 26 एवं 27 फरवरी को दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन बाबा बनखंडी धाम में विराजमान भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके दूसरे दिन शिवरात्रि के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बाबा बनखंडी धाम शिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विरंची महतो ने दी है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को बाबा बनखंडी धाम में शिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं इस मौके पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधुत्व की भी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा, वार्ड सदस्य सोनु मुंडा, योगेन्द्र मुंडा, कैलाश मुंडा, रामदेव साहु, अजय साहु, प्रदीप केरकेट्टा, जयराम मुंडा, निर्मल तिर्की, राजू मुंडा, मंगरा मुंडा, ललित उरांव एवं लगनु लोहरा सहित गांव के कई लोग मौके पर मौजूद थे।

### अफीम के खेत में काम कर रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** अफीम की खेती के खिलाफ खूंटी जिला पुलिस की ओर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अफीम की खेत में काम कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी थानांतर्गत डेबोडीह गांव निवासी जाड़े मुंडा (50),चामडीह गांव में रहने वाले राम मुंडा(52),लटरजंग गांव निवासी फगुआ मुंडा(50 ) तथा ग्राम कुरकुटिया निवासी जोशी कच्छप (41) और सुशील होरो (42) शामिल हैं। यह जानकारी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अखिल नीतीश कुजूर ने गुरुवार को खूंटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को यह गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र के ग्राम पोसेया , चामडीह, कुरकुटिया एवं लटरजंग के जंगल एवं झाड़ियों से घिरे जमीन पर भारी मात्रा में अफीम की खेती की गई है। आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां छापामारी की और अवैध अफीम की खेत में सिंचाई का काम कर रहे उक्त पांचों आरोपितों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया।

ककरिया व फतेहपुर से श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना

# अयोध्या में भगवान श्री राम व वाराणसी में काशी विश्वनाथ का करेंगे दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के ककरिया और फतेहपुर से महाकुंभ जाने के लिए दो अलग-अलग श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। ककरिया से 50 तीर्थयात्रियों का जत्था पंकज गुप्ता अशोक नायक एवं सीताराम पाठक के संयुक्त नेतृत्व में रवाना हुआ। हर हर महादेव, जय श्री राम और गंगा मैया की जयकारे से ककरिया बेड़ो सड़क गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं का जत्था पहले विंध्याचल मंदिर में मां विंध्यवासिनी का दर्शन करेंगे और फिर प्रयागराज के महाकुंभ में गंगा, जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्था में प्रकाश गुप्ता, मनोज सिंह, भोला ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, पवन साहु, शिव नागारची, जगदीश लाल,अच्युतानंद पाठक, अनिल साहु, कालेश्वर साहु, अशोक लाल, प्रिया कुमारी, चांदनी पाठक, राजश्री देवी, दुर्गा देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, मंजू देवी,स्वाति देवी, रीता देवी, सीता देवी, रेणु देवी सहित दर्जनों श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। इसके पूर्व फतेहपुर से रामप्रसाद साहु के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान करने के साथ-साथ वाराणसी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर, विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी देवी तथा अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का दर्शन करेंगे।

## एक नजर

### शहीद करमजीत के बलिदान को लोग सदा याद रखेंगे : विकास राणा



**हजारीबाग।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में सेना के 2 जवानों के शहीद होने की खबर है। इस घटना में हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी वीरगति को प्राप्त हो गए। हजारीबाग के लिए अत्यंत दुःखद खबर है हजारीबाग जनता ने नम आंखों से आज उनकी विदाई दी। इस दुःख की घड़ी में भगवान उनके माता पिता, उनके परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करें। भगवान वीर सपूत की आत्मा को शांति दें। आज पूरा हजारीबाग एकजुट होकर आपके साथ खड़ा है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि शहीद करमजीत सिंह बख्शी में सेना में जाने के जूनून को लोग सदा याद रखेंगे।

### रसोईया धमना सहित विभिन्न क्षेत्रों में मनाई गई संत रैदास जयन्ती

**बरही।** संत शिरोमणि रविदास के 648वीं जयंती के बरही के रसोईयाधमना, मलकोको, बाराटांड़, करियातपुर आदि स्थानों पर जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया. रसोईया धमना में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड ने कहा कि संत रैदास ने दलितों की अशिक्षा, छुआछूत, जातिगत भेदभाव आदि हीन भावनाओं से दूर करने के लिए आवाज बुलंद किया. जो समाज को एक नया मोड़ दिया. संत शिरोमणि रैदास हम दलित वंचितों के धरोहर है. अंत में उन्होंने उपस्थित लोगो से संत रैदास के मार्ग पर चलकर उनके सपनों का भारत निर्माण करने की अपील किया. कार्यक्रम में संगठन के प्रखंड उपाध्यक्ष टिंकू अंसारी, प्रखंड महासचिव मुकेश कुमार, किशोरी रविदास, मुकेश रविदास कोषाध्यक्ष, टेकलाल दास, उपाध्यक्ष प्रदीप दास आदि सहित क्लब के प्रकाश दास, गंगा राम, अजीत दास, सूरज कुमार, अजय कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे.

### प्रदूषण के कारण शहरवासी कर रहे हैं त्राहिमाम : राजेश ठाकुर



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने 13 फरवरी को बयान जारी कर कहा है कि रामगढ़ शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग दिन प्रतिदिन प्रदूषण के आगोश में जा रहे हैं । कहा कि शहर में ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण कुछ फैक्ट्री द्वारा मनमानी रूप से चलाया जा रहा है। ठाकुर ने कहा कि इसपर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है । राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदूषण पूरे शहर मै फैलाया जा रहा है। प्रदूषण से पूरे शहर के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। कहा कि यदि इसे जल्द से जल्द नहीं रोका गया तो जिला के उपायुक्त और झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिख कर मामले में कार्रवाई की मांग करूंगा।

### मिलिट्री स्टेशन रामगढ़ को मिलेगी 24 घंटे बिजली

**रामगढ़।** मिलिट्री स्टेशन रामगढ़ के अंतर्गत रहने वाले सभी के लिए खुशखबरी है। यहां 24 घंटे बिजली आपूर्ति होगी। इसे लेकर दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) नया फीडर तैयार कर रहा है। करीब एक माह में सभी काम पूर्ण होने का अनुमान है। इसके बाद से डीवीसी सबस्टेशन से एमईएस को सीधे बिजली मिलेगी। इसका लाभ एमईएस के अंतर्गत सिख रेजिमेंट सेंटर (एसआरसी) और पंजाब रेजिमेंट सेंटर (पीआरसी) के करीब 10 हजार की आबादी को होगा। जिनकी कुल खपत 1.60 मेगा वॉल्ट एम्पियर (एमवीए) है। अब तक टॉवर लगाने का काम हो चुका है। साथ ही केबलिंग किया हुआ 33 हजार बिजली तार का भी अधिष्ठान कर लिया गया है। सभी उपकरण अत्याधुनिक लगाई गई है। जो भविष्य की डिमांड को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। टेस्टिंग संबंधित कुछ औपचारिकता ही शेष रह गई है। मेंटेनेस संबंधित सभी काम डीवीसी के जिम्मे होगा। एमईएस रामगढ़ को पहले भी डीवीसी ही बिजली आपूर्ति कर रही थी। अब इसमें काफी बदलाव होगा।

कैप्टन करमजीत सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल हुए सदर विधायक

# नम आंखों से दी हजारीबाग के लाल को अंतिम विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए कायराना आईईडी हमले में भारतीय सेना के वीर अधिकारी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी वीरगति को प्राप्त हुए। इस हमले में दो जवान शहीद हुए, जिनमें से एक हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी थे। उनका बलिदान न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे झारखंड और भारतवर्ष के लिए गर्व और शोक का विषय है। गुरुवार को जब शहीद का पार्थिव शरीर हजारीबाग पहुंचा, तो पूरे जिले में शोक और सम्मान का माहौल देखा गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद के निवास स्थान, जुलु पार्क पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात की और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक ने नम आंखों से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा है। भारत माता के इस वीर सपूत को कोटि-कोटि नमन। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करें। शहीद के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां हजारों की संख्या में आमजन, समाजसेवी और युवा शामिल हुए।



### करमजीत सिंह अमर रहे के गगन भेदी नारे से गुंजा हजारीबाग

जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में मंगलवार को भारतीय सेना के शाहिद बलिदानी नायक करमजीत सिंह का का पार्थिव शरीर जैसे ही सेना के वाहन से हजारीबाग स्थित आवास पहुंचा तो स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। गुरुवार सुबह 9:30 बजे उनका पार्थिव शरीर जुलु पार्क स्थित आवास पर लाया गया। सेना के जवानों ने कंधा देकर पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास पहुंचाया। इस अवसर पर जैसे ही करमजीत का पार्थिव शरीर घर पर आया वैसे ही उनकी मां बहन और पिता ताबूत को पकड़कर दहाड़ मारकर कन्द्रन करने लगे। इतना देख आसपास के लोग भी करमजीत अमर रहे कर रोने पर मजबूर हो गए। जैसे ही सुबह हुई वैसे ही शहर के नवयुवकों ने हाथ मे तिरंगा और कैप्टन करमजीत के फोटो को लेकर फोर लेन कोणार पुल के पास से तिरंगा लिए बाइक सवार युवकों ने की बलिदानी करमजीत सिंह के पार्थिव शरीर की अगुवाई की।

### शहीद के अंतिम विदाई में हजारीबाग में उमड़ा जनसैलाब



कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग की माटी के लाल अमर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर गुरुवार को हजारीबाग पहुंचा तो अंतिम दर्शन को विशाल जनसैलाब उमड़ा। हर कोई शहीद के श्रीचरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर रहें थे। उनके सम्मान में जयकारे लगा रहे थे। हृदयविदारक स्थिति में उनके परिवार जनों को लोग संबल दे रहें थे। वीर रणबांकुरे कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत पर सभी की आंखें नम थीं, बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग सपूत के श्रीचरणों में नमन करने के लिए एकत्र थे। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम विदाई में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सुपुत्र करण जायसवाल भी शामिल हुए और उनके शव यात्रा के साथ रहें। शहर के ग्वालटोली चौक (जीटीसी) चौक पर करण जायसवाल के अगुवाई में समाजसेवी कुमार यादव, राजेश यादव, रवि यादव, अमित सिंह,आदित्य रंजन, रवि कांत, गौतम सोनकर, विकास यादव , रोहित यादव, शंभु यादव, कुणाल कुमार उर्फ.कन्नू सहित दर्जनों लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए और शव यात्रा में पुष्प वर्षा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल ने बताया कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी मेरे मित्र थे। उनका शहादत हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है लेकिन उससे अधिक गर्व की बात है कि उन्होंने अपने मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान देकर हजारीबाग का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम विदाई में सम्मान स्वरूप हजारीबाग लोकसभा वासियों ने जो राष्ट्रप्रेम और शहीद के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया है वह अद्भुत और अतुलनीय है।

## न्यूज बॉक्स

### 16 से प्रारंभ होगा सूर्य मंदिर महायज्ञ ध्वजारोहण व भूमिपूजन



**बरही।** आगामी 16 फरवरी से बरहीडीह स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में 9 दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ होना है। जिसका यज्ञाचार्य रामचंद्र पांडेय की अगुवाई में गुरुवार को ध्वजारोहण और भूमिपूजन किया गया। इस पावन अवसर पर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव सहित जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर,कैलाशपति सिंह, नागेश्वर प्रसाद केसरी आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे. महायज्ञ समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 9 दिवसीय महायज्ञ आचार्य रामचंद्र पांडे और उनके सहयोगी ब्राह्मणों के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा. जो 16 फरवरी के भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होगा जो 24 फरवरी को हवन व महाभंडारे से संपन्न होगा. प्रतिदिन संध्या में बनारस की कथा वाचिका सुश्री राजनंदनी भागवत कथा करेंगी.

### स्कूल में स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में कक्षा 11वीं के द्वारा कक्षा 12वीं के भैया- बहनों के लिए स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में आचार्य बंधु- भगिनी सहित कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया- बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसमें समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद, विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिंहा व विद्यालय के प्राचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता ब्रजेशकुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ । स्नेह मिलन कार्यक्रम में स्वागत गीत, विदाई गीत, अनुभव कथन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कक्षा द्वादश की बहन आदित्य आर्यन, सुनामी एवं नियति ने विद्यालय में बिताए गए अपने समय और अनुभव को एक दूसरे से साझा किया' भैया- बहनों ने कहा हम लोग भाग्यशाली है कि ऐसे संस्थान में हमने अपनी पढ़ाई पूरी की जहां हमें भविष्य के लिए एक अच्छी नीव प्रदान की गई। मौके पर समिति के अध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने भैया- बहनों को उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा आप सभी पढ़ लिख कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे' आप सभी अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को रामगढ़ में सैनिक सम्मान दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर में 11 फरवरी को शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर 13 फरवरी को रांची हवाई अड्डे से रामगढ़ लाया गया। इस मौके सुभाष चौक पर मौजूद लोगों ने कैप्टन को करमजीत सिंह बक्शी को नम आंखों से श्रद्धांजली दी । लोगों ने कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी अमर रहें , भारत माता की जय, जो बोले से निहाल सत श्री अकाल के नारे लगाए। इसके उपरांत कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर को छावनी परिषद ले जाया गया। इस क्रम में छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अनमोल सिंह ने कहा कि करमजीत सिंह बक्शी ने रामगढ़ छावनी में ही ज्वाइनिंग की थी। इसलिए देश के लिए उनका शहीद होना पूरे रामगढ़ के लिए गर्व की बात है। कहा कि आज सभी लोग देश के लिए शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को नमन कर रहे हैं। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सैन्य अस्पताल में सैन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजली दी। साथ ही रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजली दी। इसके बाद कैप्टन के पार्थिव शरीर को पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों की निगरानी में हजारीबाग ले जाया गया।

पुलवामा में हुए हमले में अमर शहीदों को दी गई श्रृद्धांजलि

# सर्जिकल/एयर स्ट्राइक में भारत ने पाक के संचालित कैंप में तबाही मचा दी थी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
छह वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतिपुरा क्षेत्र अंतर्गत लेखपुरा में घटित वह दर्दनाक घटना आज भी भारतीय के लिए रोंगटे खड़े कर देने वाली है. जिसे 14 फरवरी को ही पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद ने अंजाम दिया था. जम्मू कश्मीर के एनएच पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले को निशाना बनाकर हमला किया गया. जिसमें सीआरपीएफ के 44 जवान शहीद हुए और लगभग इतने ही जवान घायल हो गए. इस घटना ने पूरे हिंदुस्तान को झकझोर दिया. पूरा देश सन्न हो गया. भारत सहित कई देश ने इस घटना की कड़ी निन्दा की. पाकिस्तान का चारों तरफ से थू-थू हुई थी, हालांकि पाकिस्तान ने भी हमले की निंदा किया था. रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले के लिए आतंकियों ने 300 किग्रा आरडीएक्स से भरे महिंद्रा स्कॉर्पियो का उपयोग किया था. मुख्य हमलावर की पहचान आदिल अहमद डार उर्फ आदिल अहमद गादी टेकरनवाला उर्फ विकास के रूप में हुई थी, जो काकापोरा का निवासी था. जो एक साल पूर्व इस आतंकी संगठन से जुड़ा था. ठीक 12 दिन बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय वायु सेना के मिराग-2000 ने पाकिस्तानी क्षेत्र से संचालित होने वाले इस आतंकी कैंप पर हमला बोला और नेस्तनाबुद किया. यह हमला सर्जिकल/एयर स्ट्राइक के नाम से जाना गया. भारत में प्रतिवर्ष 14 फरवरी को हम सभी पुलवामा दिवस मनाते हुए अमर शहीदों को श्रृद्धांजलि देते हैं. इस अवसर पर बरही के विभिन्न शैक्षणिक या सामाजिक संस्थानों के द्वारा कैंडल मार्च या कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीदों को याद किया जाता है.

### श्री श्री शतचंडी महायज्ञ में शहनाज अख्तर के भजन पर रात भर खूब झुमे लोग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयो में आयोजित 9 दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन बुधवार को प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम में लोग खुब झूमे। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रमुख सुरजी देवी, डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक आईपी भारती, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया शंकर रविदास, राजेश प्रसाद समेत अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भजन गायिका ने यज्ञ आयोजन मंडली को गायिकी का अवसर देने पर धन्यवाद कहा। इस निमित आसपास के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और बेहतरीन भजनों का लुफ्त उठाया। वहीं यज्ञ के मुख्य यजमान आईपी भारती ने कहा कि 13 फरवरी को वृहत भंडारे का आयोजन कर यज्ञ समाप्ति की जाएगी। इस मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतों, बसंत साव, बिरेंद्र राणा, नंदकिशोर कुमार, फलजीत राणा, बिनोद भगत, कामेश्वर प्रसाद, रामू राम, बिरेंद्र राणा, संदीप कुमार, नारायण प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, भीखलाल राणा समेत हजारों लोग शामिल थे।

### दाखिल खारिज वाद के निष्पादन को लेकर अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन




**बरकट्ठा।** अंचल कार्यालय बरकट्ठा में लंबित दाखिल खारिज वाद के निष्पादन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रैयतों को दाखिल खारिज वाद का निपटारा करते हुए सीओ श्रवण कुमार झा ने शुद्धिपत्र दिया। सीओ श्रवण कुमार झा ने शिविर में कहा कि शिविर में लोगों के लंबित दाखिल खारिज वाद का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। अंचल कार्यालय में आयोजित दाखिल खारिज शिविर में मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान, अंचल कार्यालय के नाजिर अजित कुमार, लिपिक इमरान अंसारी, मंजय दास, त्रिभुवन यादव, राजस्व उपनिरीक्षक विसंभर यादव, अमित कुमार राय, अंचल अमीन अजमल अंसारी, ऑपरेटर संजय कुमार मौजूद थे।

### प्रसिद्ध कथा वाचिका प्रभु प्रिया रामायणी के बरकट्ठा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहारा कला में प्रसिद्ध कथा वाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया रामायणी के पहुंचने पर लोगों ने बुके और अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। गौरतलब हो बीते वर्ष कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा में उज्जैन निवासी प्रसिद्ध कथा वाचिका प्रभु प्रिया रामायणी ने अपने कथा वाचन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उन्होंने जयनगर के पहरीडीह से कथा संपन्न कराने के बाद छपरा बिहार जाने के दौरान कोनहारा कला स्थित शिव मंदिर और देवी मंडप में माथा टेका और विश्व कल्याण के साथ साथ लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है। इसे धार्मिक कार्यों के साथ साथ बेहतर कार्य के लिए सदुपयोग करना चाहिए।

### सात लोगों पर खेत में लगी फसल को किया नष्ट करने की थाने में शिकायत

**रामगढ़।** रामगढ़ के मुर्रामकला गांव में डेढ़ एकड़ में लगी फसल को नष्ट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत भू-स्वामी जीवन लाल ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि मुर्रामकला में खाता नंबर 94 प्लॉट संख्या 1154 में 4 एकड़ जमीन उनकी पैतृक भूमि है। जिसमें डेढ़ एकड़ भूमि में उन्होंने टमाटर, लौकी, बैगन, मिर्च, तरबूज आदि की फसल लगा रखी थी। बुधवार को जब वे फसल देखने गए तो देखा कि सभी पौधों को उखाड़ कर फेंका गया है। फसल को रौंदने हेतु पैर और लकड़ी का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके विरोधी पक्षकार शत्रुघ्न प्रसाद, महेश महतो, युगल महतो, लोकनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो और सोनू कुमार ने इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि 17 जनवरी को भी उन लोगों ने खेती करने के दौरान बाधा उत्पन्न की गई थी।

# धूमधाम से मनी संत शिरोमणि गुरु रैदास की जयंती, रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के सक्रेज में बुधवार को अम्बेडकर रविदास समाज के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रैदास की 648 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुआरंभ भव्य शोभा यात्रा के साथ की गई। वहीं बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गयी। कार्यक्रम में बडी संख्या में अंबेडकर रविदास समाज के ग्रामीण श्रद्धालु जन प्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ करते हुए संत शिरोमणि रैदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गईं। साथ ही उनके बताए मार्गों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे चन्दवारा पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने और आदर्शों का अनुसरण करने की बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि संत रैदास जी मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी कहावत को कहकर उसे चरितार्थ भी किया और समाज को आस्था और भक्ति का मिशाल कर एक अलग ही संदेश दिया।

### बिजली विभाग ने बकाया बिल व विधुत चोरी के मामले में 19 लोगों पर किया मामला दर्ज



**बरकट्ठा।** बिजली विभाग ने बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली बिल बकाया व विधुत चोरी करने के मामले में 19 लोगों पर मामला दर्ज करवाया है। जिसमें गणपत रविदास पिता वजीर रविदास 8740 क्षतिपूर्ति राशि, बनवारी रविदास पिता वजीर रविदास 8740, मनोज महतो पिता तिलक महतों 13110 ,शिवशंकर महतो पिता तिलक महतो 17480, इंद्रदेव रविदास पिता भुवनेश्वर रविदास 13110, महेंद्र रविदास पिता महादेव रविदास 13110, लखन रविदास पिता मेघन रविदास 17480 क्षतिपूर्ति राशि सभी डमर चौक निवासी। टहल महतों, गोपाल महतो, जयराम महतों तीनों के पिता कैला महतो तीनों भाइयों पर 17480, गुलाब चंद महतो पिता डोमन महतो 13110, विनय शर्मा पिता केदार शर्मा 13110,चिंतामन यादव पिता भांतु यादव 13110 , अनिल शर्मा पिता बाबूलाल शर्मा 13110, अर्जुन प्रसाद पिता नीरो महतो 17480 क्षतिपूर्ति राशि सभी ग्राम पेसरा निवासी। सीताराम मोदी पिता छोटी मोदी 13110 क्षतिपूर्ति राशि, सतीश मोदी पिता छोटी मोदी 17480, श्यामलाल पंडित पिता अमृत पंडित 13110, झरी यादव पिता गुड्डु यादव 13110 क्षतिपूर्ति राशि सभी ग्राम गैंडा निवासी शामिल हैं। इस संबध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। छापामारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता, कनीय विद्युत अभियंता चौपारण ओमकार जायसवाल समेत अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे। वही उन्होंने कहा कि सभी जब्त किए गए समान कार्यालय में जमा है।

उज्जवला फाउंडेशन की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# 28 फरवरी तक प्रशिक्षित महिलाओं की सूची जमा करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। जल्द ही फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने फाउंडेशन से ही ऐसे सदस्यों को चिन्हित करने की बात कही जो प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं सिलाई मशीन व कंप्यूटर चला सकें। उन्होंने महिलाओं को 28 फरवरी तक महिलाओं की सूची जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में अब सक्रिय महिलाओं को आगे ले जाकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल किया जायेगा. वही उन्होंने बताया कि होली के बाद कॉम्प्लेक्स में सिलाई व कंप्यूटर का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

सड़क निर्माण कंपनियों की लापरवाही और जाम ने परीक्षार्थियों को किया परेशान

# ट्रैफिक समाधान के लिए पुलिस प्रयासरत स्थाई समाधान होगा शीघ्र : एसडीपीओ

*सड़क चौड़ीकरण के दौरान निर्माण कंपनिया कछुए की चाल से बिना इंडिकेटर और गार्ड के सड़क निर्माण कर रहे है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जीटी रोड स्थित गड़लाही मोड़ के पास एक बार फिर घंटो देर तक छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लगने से ट्रैफिक जाम हो गया. लोगो का आना जाना दुर्लभ हो गया. स्थानीय प्रशासन व स्थानीय लोगो के प्रयास के बाद घंटो बाद जाम खुला और स्थिति सामान्य हुई. इस जाम में सबसे अधिक परेशानी मैट्रिक और इंटर के परिक्षार्थियों को हो रहे है, जिन्हे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए अपनी पढ़ाई छोड़कर घंटो पहले घर से निकलने पड़ते है. इस दौरान परिक्षार्थियों को कभी पैदल तो कभी बाईक या साइकिल का सहारा लेना पड़ रहा है. स्थानीय लोगो ने बताया कि जाम का मुख्य कारण आधे अधूरे और अव्यवस्थित रूप से सड़क निर्माण कार्य का किया जाना है. सड़क चौड़ीकरण के दौरान निर्माण कंपनिया कछुए की चाल से बिना इंडिकेटर और गार्ड के सड़क निर्माण कर रहे है. जिससे आए दिन घटनाएं हो रहीं है. पर कंपनी या स्थानीय प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नही दिख रहा है. जो चिंतनीय है. इस संबध में सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारियो से बात करने के प्रयास किए गए पर संपर्क नही हो सका. एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने बताया कि ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए जिला हेड क्वार्टर को सूचित किया गया है. शीघ्र ही बरही को दस अतिरिक्त बल उपलब्ध करवाने का आश्वासन मिला है. जिसे सिर्फ ट्रैफिक कंट्रोल के लिए ही लगाया जायेगा. स्थानीय पुलिस इस दिशा में प्रतिदिन प्रयासरत और कार्यरत है.

# डीसी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई राजस्व संग्रहण की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की. बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किये गये राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. बैठक में उपायुक्त द्वारा उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन, मोटरयान निरक्षक, नीलाम पत्र, जिला मत्स्य, नगर परिषद, जिला खनन, अवर निबंधक विभाग सहित जमीन का म्यूटेशन, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, म्यूटेशन अपील,ल भूमि सीमांकन, परिशोधन पोर्टल, ऑनलाइन लगान2, भू-अधिग्रहण, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों में प्रगति आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि उत्पाद अधीक्षक विभाग 84%, नीलम पत्र में 15%, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 73%, खनन विभाग द्वारा 63% नगर परिषद् द्वारा 82%, अवर निबंधक विभाग द्वारा 100%, परिवहन विभाग 73%, मोटरयान निरक्षक 20% एवं राज्य कर उपायुक्त गुमला सह सिमडेगा द्वारा 61% वसूली की गई है। मत्स्य विभाग, जिला परिवहन, मोटरयान निरक्षक, खनन, एवं नगर परिषद् विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत राजस्व का संग्रहण करने का निर्देश दिया।इस के आलावा समीक्षा के क्रम में लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि निष्पादन योग्य मामलों का निर्धारित समय में निपटारा करें. तथा वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें भी यथाशीघ्र निष्पादित करें, रिजेक्शन की स्थिति में कारण का स्पष्ट उल्लेख हो। उपायुक्त महोदय ने सक्सेशन म्यूटेशन से संबंधित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर कैंप का आयोजन करने की बात कहीं। इसके लिए पहले मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचलवार लगान, सेंस की मांग एवं वसूली को शत् प्रतिशत करने का निर्देश दिया। सभी सीआई को पीएम किसान योजना के रैयतों का लैण्ड सीडिंग से संबंधित कार्यों करते हुए रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा माननीय झारखंड उच्च न्यायालय पर लंबित मामले की समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, मत्स्य पदाधिका सीमा टोप्पो, खनन पदाधिकारी, उत्पादक अधीक्षक सहित सभी अंचलाधिकारी, सभी सीआई व अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## कार्यालय सभागार में साइबर क्राइम को लेकर एकदिवसीय हुआ प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** सिमड़ेगा एसपी कार्यालय में साइबर क्राइम को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यक्रम में डीसी अजय कुमार साहू ,एसपी सौरभ उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की मौके पर कहा गया कि साइबर क्राइम से संबंधित किसी प्रकार का अगर घटना होती है तो 1930 नंबर पर डायल कर शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है। कार्यशाला के दौरान जिला सी एस सी प्रबंधक विजय सिंहा द्वारा अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर जानकारी दी गई। भारत सरकार की वेबसाइट से कोई भी व्यक्ति अपने पहचान पत्र यथा आधार कार्ड से निर्गत मोबाइल नम्बरों की सूची देख सकता है और अनजान मोबाइल नंबर को बंद करने का अनुरोध कर सकता है। चोरी की गई मोबाइल की ईएमआई नंबर को भी रिपोर्ट किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में साइबर क्राइम पर जिला पुलिस सतर्क है किंतु सामाजिक दृष्टिकोण से प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों को इंटरनेट प्रयोग से बचाकर रखने की जरूरत है। बच्चे में शारीरिक दक्षता के जगह डिजिटल दक्षता अधिक विकसित होने पर सुविधा के जगह दुविधा उत्पन्न अधिक हो जाती है जिससे बचना चाहिए। जिले में विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर साइबर ठगी की जा रही है जिससे बचने के लिए जागरूकता जरूरी है।पुलिस इस दिशा में सक्रिय है किंतु जनमानस को भी सक्रिय होने की जरूरत है।मुख्य अतिथि उपायुक्त ने इस बदलते दुनिया मे सुरक्षित इंटरनेट प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने जिला प्रशासन के सभी सूचना तकनीकी पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जिले के सभी कार्यालय में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी,कंप्यूटर ऑपरेटर,प्रखंड समन्वयक सहित अन्य उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में पुस्तक वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में "विज्ञान ज्योति" कार्यक्रम के तहत किताबों का वितरण नामांकित छात्राओं को किया गया। इस पहल का उद्देश्य 9वीं से 12वीं कक्षा की बालिकाओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना है।किताबों का वितरण विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार,वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार,और विज्ञान ज्योति प्रभारी मनोज कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने छात्राओं को ज्ञान अर्जित करने और विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए,जिनसे छात्राओं को वास्तविक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अनुभव प्राप्त हुआ।छात्राओं को प्रयोगशालाओं में काम करने और विज्ञान परियोजनाएँ तैयार करने के अवसर दिए गए,जिससे उनकी व्यावहारिक समझ बढ़ी।छात्राओं ने विभिन्न शोध संस्थानों का दौरा किया, जिससे उन्हें अनुसंधान के वास्तविक वातावरण का अनुभव हुआ।उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहीं नवोदय विद्यालय की छात्राओं को स्टेम में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। वरिष्ठ शिक्षकों ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीकों के बारे में जानकारी दी और समय-समय पर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। विज्ञान ज्योति प्रभारी श्री मनोज कुमार जी ने बालिकाओं को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित कर मेडिकल, इंजीनियरिंग इत्यादि जैसे क्षेत्रों में सफल होने के लिए प्रेरित किया।यह पहल बालिकाओं को स्टेम में करियर बनाने के लिए प्रेरित करती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, रातभर झूमे लोग

**केरसई।** केरसई प्रखंड गुप्तगंगा धाम मेला सोनाखान मँझटोली ढोड़ीजोर में देर रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह पश्चिम टैसेर के मुखिया उर्मिला देवी के द्वारा उद्घाटन फीता काटकर किया गया। समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर मांझी ने मुख्य अतिथि को माला और बैच पहान कर सम्मानित किया और विशिष्ट अतिथि को सचिव तारकेश्वर बाबू ने सम्मानित किया मंच पर मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में संस्कृति को बचाने का काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि दारू नशा से दूर रहे अपने बाल बच्चे को पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान दें कहा कि हर वर्ष की भांति किस वर्ष में गुप्त गंगा मेला में सुंदर-सुंदर कार्यक्रम धर्मस्थल पर किया जाता है। कार्यक्रम मेंअध्यक्ष दिलेश्वर मांझी सचिव, तारकेश्वर बाबू ,कुलदीप हरिशंकर उपस्थित थे।

# रांची में बजट सत्र के दौरान 19 को आयोजित विस मार्च में चलने की तैयारी करें : विजय सिंह

नवीन मेल संवाददाता




झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच- बांसजोर प्रखंड स्तरीय बैठक गिनीकेरा जयपाल बगीचा में शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार को सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, विश्वामित्र, वेलफेयर, इत्यादि दर्जनों दर्जन कंपनी में मेहनत के जमा पैसे की भुगतान करना होगा नहीं तो हजारों जमाकर्ताओं को एकजुट कर हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे । विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियां लोगों के हजारों व लाखों पैसे जमा कर चुपी साधे हुए है, वहीं सरकार भी चुप है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । श्री सिंह ने राज्यहित की ऐसे मामलों को लेकर बजट सत्र के दौरान 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च की तैयारी करने और सैकड़ो की संख्या में रांची चलने की अपील की। वहीं दल के नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा कि जिले में जन मुद्दों को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल सक्रिय होगी । जिलेवासियों से दल को हर स्तर पर मजबूती प्रदान करने की भी अपील श्री बेक ने की । बैठक में ननबैंकिंग में जमा पैसे की शुद् समेत भुगतान के लिए 19 फरवरी 2025 को बांसजोर प्रखंड में जुलूस प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने,भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं का समाधान हेतु प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने, पलायन व जमीन की लूट को रोकने व काम के लिए मनरेगा मजदूरों व ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे शुद् समेत भुगतान के लिए जमाकर्ताओं को एकजुट करने, प्रखंड क्षेत्र में संगठन का विस्तार व मजबूती के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं । बैठक में शिवचंद मांझी, बलिराम कोरखिया, मेघनाथ सिंह, जवाकिम डुंगडुंग, नकुल बड़ाईक, नथानियन बुडिंग, रोहित केरकेट्टा, जोलेन सुरीन, विनीता होरो, हेमा देवी, सलोनी डांग, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोलेबिरा को अनुमंडल बनाने की मांग में ग्राम सभा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड को अनुमंडल बनाने की प्रशासनिक पहल प्रारंभ हो गई है।बैठक को संबोधित करते हुए नवाटोली मुखिया कल्पना देवी ने सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जारी पत्र के उल्लेख के बारे में बताया।प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो के द्वारा सभी मुखिया और पंचायत सचिवों को पत्र जारी कर ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया गया है इसी के निमित्त नवाटोली पंचायत भवन में बैठक रखी गई थी। मुख्य रूप से नवाटोली मुखिया कल्पना देवी,रोजगार सेवक सुरेन्द्र साहू,पंचायत सचिव संजु कुमार,अशोक इंदवार उपस्थित थे।आयोजित ग्राम सभा में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।ग्राम पंचायत में चलने वाली योजनाओं का चयन किया गया वहीं वरीयता के आधार पर योजनाओं का चयन कर धरातल पर विकास कार्य प्रारंभ करने की बात कही गई।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कोलेबिरा को अनुमंडल बनने के महत्व पर जोर दिया मौके पर नवाटोली मुखिया कल्पना देवी,पंचायत सचिव संजु कुमार,रोजगार सेवक सुरेन्द्र साहू,ग्राम प्रधान किस्टो पाहन,पंचायत समिति मोनिका देवी,वार्ड सदस्य दीपक लोहरा,वार्ड सदस्य सुकरमनी देवी के अलावा सैकड़ो की संख्या में कोलेबिरा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# जीईएल चर्च मंडली मे चौथे गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जीईएल चर्च अम्बापानी मंडली में चौथी गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाडी शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों का स्वागत ढ़ोल नगाड़ों एवं नाच गान करते हुए स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। तत्पश्चात चर्च का आशीष संस्कार किया गया। इसके बाद दया याचना का पाठ व प्रभु यीशु के महिमा गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पादरी बिभव केरकेट्टा के द्वारा किया गया। मौके पर विभिन्न मंडलियों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम के दौरान पादरी बिभव केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीसु का आगमन हमारे उद्धार के लिए हुआ है और हम सभी को आपस मे प्रेम, शांति और एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है। इसलिए हम सभी को अपने जीवन मे इसे आत्मसात करनी चाहिए। वही मौके पर मौजूद विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी ने अपने संबोधन में कहा कि गिरजाघर ईश्वर का घर है।यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर से अराधना करते हैं, चूंकि एकत्रित हो कर अराधना करने से अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है।गिरजाघर कोई भवन या इट पत्थर का बना भौतिक जगह नहीं है। यह परमेश्वर के परिवार के लोगों का समूह है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपीन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अनील सुरीन, वाटर लुगुन, मुकुट डुंगडुंग, अजर कुल्लू, संजीत केरकेट्टा, सभापति भींसेंट डुंगडुंग, पादरी मंजूषा सोरेंग, प्रियंका कुल्लू, सभा संचालन सुमित कीड़ों, प्रचारक विजय सोरेंग, मनीषा समद, याकूब कुल्लू, ज्योति तबीता बिलुंग, पवन केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

# कोलेबिरा,बानो और गिर्दा ओपी क्षेत्र में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कम्युनिटी पुलिसिंग 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बंदरचुवां पंचायत,बानो थाना क्षेत्र के बांकी पंचायत और गिर्दा ओपी के रायकेरा पंचायत भवन सभागार में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।बानो अंचल के कोलेबिरा थाना,बानो थाना और गिर्दा ओपी क्षेत्र में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में थाना के पदाधिकारीयों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने कार्यक्रम का उदघाटन कर किया।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कोलेबिरा थाना के एस आई अरविंद सिंह,बानो थाना के एएसआई शंकर बाखला और गिर्दा ओपी के एएसआई अनिरुद्ध पासवान समेत पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुँच पाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है।उन्होंने कहा की 112,1930,डायल कर शिकायत कर सकते है।ठगी मामलों,मानव तस्करी,डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी दिया गया तथा निदान के लिए पहल करने की बात किया गया।उन्होने कहा कि इसके लिए जागरूकता जरुरी है।मौके पर कोलेबिरा थाना के एस आई अरविंद कुमार सिंह,बानो थाना के एएसआई शंकर बाखला और गिर्दा ओपी उपस्थित रहे।

## पंचायत भवन में बानो अनुमंडल एवं हुरदा को प्रखंड बनाने पर हुई चर्चा

**बानो।** प्रखण्ड के रायकेरा पंचायत भवन के सभागार में मुखिया सोमा पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखण्ड बनाने पर चर्चा की गई। इस सम्बंध में प्रखण्ड से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सौंप कर अपनी रखने की चर्चा की गई।साथ ही नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र रायकेरा का उद्घाटन माननीय विधायक सुदीप गुड़िया द्वारा करने का निर्णय लिया गया। मुखिया सोमा पहान ने कहा आज भी हमारा क्षेत्र कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।जिला मुख्यालय से हुरदा लगभग150 दूर तथा प्रखण्ड कार्यालय बानो से 45किलोमीटर दूर पर अवस्थित है।छोटे छोटे कामों में दिन भर लग जाता है। इसके लिए सभी सामाजिक दलों ,राजनीतिक दलों को एक होकर आवाज उठाना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित बुद्धिजीवीयों ने अपने विचार व्यक्त किया।मौके पर रायकेरा उप मुखिया सनिका हेमरोम, पंचायत समिति सदस्य एतवारी कुमारी ,ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह ,राम नरेश साहू ,नंदलाल साहू,महेंद्र लहेरी,राजेश बड़ाईक, आदि लोग उपस्थित थे।

# समझौते पर पहल नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे बिजली विभाग के कर्मी : अजय राय

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर 3 अक्टूबर 2024 को हुए समझौता वार्ता को लागू नहीं किया गया तो तीव्र आंदोलन होगा।अजय राय सिमडेगा में गुरुवार को होटल रॉयल पैलेस गांधी मैदान में सिमडेगा डिविजन के विद्युत कर्मियो द्वारा आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण साहू ने की।अजय राय ने कहा कि लगभग 5 महीने होने को है और अभी तक ऊर्जा निगम की ओर से समझौता वार्ता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश है। अजय राय ने कहा कि सिमडेगा गुमला लोहरदगा में मानव दिवस कर्मियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ रांची जीएम मुख्यालय से तीन पत्र गुमला सर्किल को लिखा गया है जिसका कोई जवाब अभी तक मिल नहीं पाया है! उन्होंने कहा कि इससे यह प्रतीत होता है कि तीनों जगह पर कर्मियों के साथ अनियमितता बड़े पैमाने पर हुई है जिसमें निलंबन का डर अधिकारियों को सता रहा है।संघ के साथ समझौता वार्ता में कई मांगों पर सहमति बनी थी, जिनमें से आउटसोर्स खत्म करने को लेकर निर्देशक मंडल में प्रस्ताव लेकर जाना,पारा शिक्षक के तर्ज पर 60 वर्ष का अनुबंध एवं 50% आरक्षण का मामला निर्देशक मंडल के प्रस्ताव में ले जाना, मानदेय बढ़ाने के मामले पर कमिटी की बैठक में निर्णय लेना 10 वर्ष तक लगातार कार्य करने वाले विद्युत कर्मियों का विवरण 2014 में हुए सर्वे रिपोर्ट देखने के उपरांत कमेटी निर्णय लेगी एरियर एवं मानदेय गड़बड़ी को लेकर निगम की ओर से एक दो सदस्यीय कमेटी का गठन करना आदि था।बैठक में शिवनारायण साहू ,सूर्यदेव सिंह अकरम हुसैन, विद्यासागर मेहता ,महेश सिंह, सरवन प्रसाद , निर्मला सोरेंग,सुशील पासी राजेंद्र राम, मुकेश पासवान ,अभिषेक पासवान,गॉडविन लकड़ा,दीपक कुमार गॉड, जॉर्ज कीड़ों अमित टेटे, हीरालाल यादव, त्रिवेणी पासी,समीर दीपक , सुनील दीपक, नवीन तिर्की, अविनाश तिर्की, दीपक एक्का, विपिन एक्का, पुणा सिंह, सुमित तिगा, तोबियस, अमर कुलदीप मिंज, अनुज बैक, अमन , क्रिस्टोफर, हीरा साहू,जूलियन टोप्पो, बबलू एक्का, रितेश कुजूर, लोकनाथ अहीर, अखिलेश बड़ा, मिरनाल लकड़ा, अजय साहू, पीतांबर सिंह, एरीक, अर्जुन सिंह, भुवनेश्वर नाग, सत्येंद्र ओहदार, बिनय टेटे आदि उपस्थित थे।

## मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह धार्मिक मेला आरंभ

# अंखड हरि कीर्तन में विभिन्न कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का मन मोहा

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के कल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम के दुसरे दिन अधिवास,नामकरण के साथ अंखड हरि कीर्तन सह तीन दिवसीय धार्मिक मेला आरंभ किया गया।पुरोहित पवन शर्मा व प्रदीप पंडा ने पुजा संपन्न कराया।यजमान के रूप पंचम सिंह सह पत्नी बुधनी देवी व तारकेश्वर सिंह सह पत्नी ब्रजमनी देवी शामिल हुए।कार्यक्रम में बानो, लचरागढ़,बरस लोया,सिजांग,रामजड़ी,ऊकौली,पोग लोया सहित उड़ीसा के कीर्तन मंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा।धार्मिक मेला में विभिन्न क्षेत्र के संतों ने प्रवचन दिया।वहीँ झुला,ब्रेक डांस झुला,मिठाई दुकान, खिलौने की दुकानें सजायी गयी।महिलाओं व बच्चों ने मेला में झुला का लुफ्त उठाया।14 फरवरी को नगर भ्रमण और पूर्णाहुति कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।इस अवसर पर तारकेश्वर सिंह, भोला साहु, बिहारी पंडा, प्रमोद साव,प्रवीण साहू, राजु साहू, बसंत साहू,सुभाष साहु, पंचम सिंह, बुधनी देवी, तारकेश्वर सिंह, ब्रजमनी देवी, हरिश चंद्र सिंह, बसंती देवी, छत्रपति सिंह, सावित्री देवी,विक्रम सिंह, सुहानी देवी, रंग बहादुर सिंह, बाबूलाल बड़ाइक, रूपधर सिंह, देवेन्द्र सिंह, बलभद्र सिंह,भूपति सिंह, रामेश्वर दास,चौधरी सिंह अंकित अग्रवाल, अंकित साव, टोनी अग्रवाल, रिक्की अग्रवाल, सुरज साव,धीरज साव, नीरज साव, जीतन साहु, चंदन साव, मोतीलाल साहु, सुनील साह,हरिश सिंह, कुलेश सिंह,रंजीत सिंह के अलावा अन्य लोग शामिल हुए। कोलेबिरा पुलिस थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह, लचरागढ़ पिकेट के ए एस आइ जीतेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ विधि व्यवस्था के सफल संचालन हेतु मुस्तैद रहे।

## बोलबा में भंवर मधुमखी काटने से गंभीर रूप से घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय के मुंडा टोली के पास एक व्यक्ति को भंवर मधुमखी के काटने से गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को बोलबा मुंडा टोली के पास एक ब्यक्ति को भंवर मधुमखी ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल ब्यक्ति की पहचान बिनेश्वर साहू उम्र लगभग 75 वर्ष झुमका टाड़ पाकरटांड का बताया जा रहा है।उन्हें बोलबा अस्पताल में डा देबोतोष भूटिया की देख रेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर में चिपकाए इश्तहार

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के डोमटोली पंचायत अंतर्गत ग्लायटोली करमटोली में व्यवहार न्यायालय सिमडेगा द्वारा निर्गत इशितहार को फरार आरोपी राहुल सिंह, पिता रूप सिंह के घर में चिपकाया गया।कोलेबिरा थाना के एएसआई इंद्रजीत समद ने बताया कि कांड संख्या 01/2020 धारा 363/376-डी(ए) 506 भा०द०वि० एवं 4/6/8 पोक्सो एक्ट के तहत मामला 2 जनवरी 2020 को दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी फरार है।न्यायालय द्वारा इशितहार निर्गत होने पर कोलेबिरा थाना की पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष आरोपी के घर इशितहार चिपकाया।

# शब ए बारात, इबादत की रात, रातभर मस्जिदों में लोगों ने की इबादत



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड में शबे बारात का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में रातभर इबादत की और अपने गुनाहों की माफी मांगी। चिरुडीह, खुरजीओ, बलगो, खाखीपिपर, बलिया, मंदनगुंडी, खेदवारा, दलंगी, गुड़ीटांड़, थोरिया, डबरी, कूबरी, शाखाबारा, भरकट्टा, द्वापहारी, पेशम, जमड़िहा, पहरियाडीह समेत अन्य मुस्लिम बहुल गांवों में इस त्योहार को लेकर खास तैयारियां की गई थीं। दोपहर से ही घरों में फातिहा किया गया, और मस्जिदों व गली-मोहल्लों को रोशनी से सजाया गया। रात्रि में मिलाद का भी आयोजन हुआ, जहां लोगों ने नात शरीफ पढ़ी और इस्लामी शिक्षाओं पर चर्चा की। वहीं, पूरी रात नमाज, कुरआन की तिलावत और दुआओं में बिताई गई। इस मौके पर सामूहिक इबादत के साथ अमन-चैन और बरकत की दुआएं मांगी गईं। शबे बारात के बाद कई मुस्लिम लोग अगले दिन (15वें शाबान) का रोजा रखते हैं। कुछ लोग एक दिन (15 शाबान) का रोजा रखते हैं, जबकि कुछ दो दिनों (14 और 15 शाबान) के नफ्ली रोजे रखते हैं। इस दिन रोजा रखने को नेक और सवाब का काम माना जाता है, क्योंकि यह रात इबादत और तौबा की रात होती है।

नगर भवन में रोजगार मेला आयोजित, दर्जनों को मिला रोजगार

## कौशल विकास रोजगार के मुख्य साधन युवा स्किल पर दें ध्यान : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड प्रशासन की ओर से नगर भवन में आयोजित रोजगार मेला का शुभारंभ स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने किया. जिसकी अगुवाई बीडीओ जयपाल महतो ने किया. मौके पर जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया मंगलदेव यादव, मुखिया मनोज कुमार, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता आदि सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन मौजूद थे. मेले में राधगोविंद, सेफएजुकेट, सीपीआईटी, कॉटन ब्लॉसम, एस्ट्रिक, साही एक्सपोर्ट, बेस्ट कॉर्पोरेशन और रस्तोगी जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए. जिसमे बरही के बेरोजगार युवाओं ने एसएमओ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, नर्सिंग, इलेक्ट्रिशियन सहित आदि के लिए आवेदन दिया. जिनका साक्षात्कार के बाद चयन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा पहुंचे थे. इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि रोजगार मेला बेरोजगार युवाओं के लिए सार्थक मंच प्रदान करता हैं, जहां वे अपनी क्षमताओं के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी. बीडीओ श्री महतो ने बताया कि यह रोजगार मेला ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय टूल मोबिलाइजेशन कैंप के रूप में आयोजित किया गया है. उन्होंने भी युवाओं में हुनर विकास पर जोर दिया. युवाओं ने प्रखंड प्रशासन के इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन को आगे भी आयोजित करने की अपील किया. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, गणेश यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मनोज राणा सहित कई लोग मौजूद थे.

सशस्त्र सीमा बल ने निःशुल्क मोटरसाइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## 24 युवा 20 दिनों तक लेंगे प्रशिक्षण, युवा के स्किल डेवलपमेंट को लेकर की गई है पहल




**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय द्वारा तिसरी में गुरुवार को युवाओं के लिए निःशुल्क मोटरसाइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसएसबी के उप कमांडेन्ट पुरूषोत्तम लाल शर्मा,उप कमांडेन्ट संजय प्रसाद, सहायक कमांडेन्ट अक्षय राठी, इंस्पेक्टर पार्था घोष के अलावे तिसरी के मुखिया किशोरी साव, चंदौरी के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल उपस्थित थे। बताया गया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय निःशुल्क मोटरसाइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसमें तिसरी, चंदौरी भोगताडीह,भंडारी, बदुलियाटांड और कुडियामो के 24 युवकों ने भाग लिया है। इन प्रशिक्षुओं को अगले 20 दिनों तक रामा फाउंडेशन बगाहा के प्रशिक्षक रविंद्र कुमार वर्मा के द्वारा मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के गुर सिखाए जाएंगे। मौके पर उप कमांडेन्ट पुरूषोत्तम लाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह विभाग द्वारा स्किल डेवलोपमेन्ट को लेकर यह पहल की गई है। जिसके तहत ग्रामीण इलाकों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि युवाओं के समक्ष रोजगार का साधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबोधन के दौरान प्रशिक्षुओं से कहा कि वे केवल सर्टिफिकेट पाने के लिए यह प्रशिक्षण न लें बल्कि इसे सिखने का भरसक प्रयास करें। आज के डिजिटल जमाने में यूट्यूब से भी से संबंधित मदद ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में रामदेव राम, ऋषि कुमार, प्रिंस कुमार,कलाम अंसारी,राहुल, रवि, आसिफ समेत 24 युवक प्रशिक्षण लेंगे।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Industries**

Letter No. 338 Date: 13.02.2025

**Corrigendum**

Advertisement PR No: 345292, Dated 28/01/2025

Name of Work: RFP for Selection of Agency to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Government of Jharkhand. Tender Ref. No. 183

As directed, due to unforeseen circumstances, following modifications have been made with reference to above mentioned tender:

| S.N. | Particulars | Previous Details | Received Details |
|---|---|---|---|
| 1. | Technical Presentation | 14.02.2025 (Friday) by 15.00 hours | 18.02.2025 (Tuesday) by 16.00 hours |

Apart from above mentioned modification, all terms and conditions of the NIT will be the same.

Sd/-
(Pranab Kr Paul)
Joint Director
Directorate of Industries

PR 346421 (Industries) 24-25 (D)

### संत शिरोमणि रविदास मूर्ति का किया अनावरण



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के अरारी पंचायत के ग्राम रूपायडीह में संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर रविदास महासभा के जिला निदेशक विजय विद्रोही, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण दास, सचिव उप प्रमुख शेखर शरण दास, एवं प्रमुख रामू बैठा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस जयंती समारोह में लगभग 200 से 250 लोग शामिल हुए। समारोह के उपलक्ष्य में दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसे अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा और पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव ने फीता काटकर प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में रविदास महा समिति रूपायडीह के भिखी रवि, नोखलाल दास, बंधन दास, हीरामन दास, अनिल दास, राजू, राजदेव आदि का विशेष योगदान रहा।

### पुलिस ने अफीम की फसल को किया नष्ट

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी के निर्देश पर गुरुवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया. इस दौरान करीब 14.4 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया गया. चांडिल एसडीपीओ के नेतृत्व में चौका थाना प्रभारी, एसएसबी 26 बटालियन के कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट व पुलिसकर्मियों ने चौक थाना क्षेत्र के मुटुदा गांव में करीब 9 एकड़ में लगी अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट कर दिया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे से क्षेत्र में हो रही अफीम की खेती की निगरानी की व सर्च अभियान चलाया. इधर, ईचागढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के चिमटिया गांव में करीब 1.5 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया. वहीं, कुचाई थाना क्षेत्र के दआमआदईरई गांव में करीब 3.90 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया.

## उपायुक्त ने अनुकंपा के आधार पर दो को नियुक्ति पत्र सौंपा

❑ उपायुक्त ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगन से करेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुकंपा के आधार पर शांति कुमारी और देवाशीष आर्या को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपायुक्त ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगन से करेंगे। अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे और अच्छे व्यक्तित्व के कर्मी होने का परिचय देंगे। शांति कुमारी और देवाशीष आर्या को 27 जनवरी 2025 को उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति हजारीबाग की बैठक में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया गया था। 13.06.2007 को उग्रवादी हिंसा में मृत स्व यमुना साव की पुत्री शांति कुमारी को अनुकंपा के आधार पर समाहरणालय अधीन चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं जिला अभिलेखागार में अनुसेवक के पद पर कार्यरत स्व उगन साव की आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र देवाशीष आर्या को समाहरणालय अधीन निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्त किया गया है।

**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(Ranchi Region)**
**5th Floor JIADA Central Office, Namkum Industrial Area Lowadih Ranchi-834010**
**Website-jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com**

Letter No.-111 Dated-13.02.2025

**Corrigendum**

**Sub: Extension for submission of online application form for IT Tower in Namkum Industrial Area, Ranchi**

With reference to the Advertisement PR No. 344472 date 18.01.2025, the deadline for submitting online applications for the 30-year lease of a state-of-the-art IT Tower in Namkum Industrial Area, Ranchi, has been extended to March 04, 2025. Eligible IT/ITeS sector organizations are invited to apply through following websites:- www.advantage.jharkhand.gov.in /www.jiada.co.in

Sd/-
Regional Director

PR 346435 (RIADA (JIADA))24-25*D

### बजट के विरोध में 14 से 20 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का लिया निर्णय




**रामगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यालय मंजूर भवन झंडा चौक रामगढ़ में सीपीएम के जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव विष्णु कुमार, भाकपा माले जिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया, हीरा गोप मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि केंद्रीय बजट के विरोध में राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 14 से 20 फरवरी तक गांव-गांव में अभियान चलाया जाएगा। 18 फरवरी को भुरकुंडा जनता टॉकिज के सामने एवं लेनिन चौक के समक्ष नुक्कड़ सभा की जाएगी। वहीं, 19 फरवरी को गोला एवं रामगढ़ में नुक्कड़ सभा एवं बजट का पुतला दहन किया जाएगा। बैठक में वाम दल के नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट में शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य ,सामाजिक कल्याण एवं मनरेगा में बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। राज्यों के वित्तीय अधिकारों पर हमला तेज किया गया है ,देश के आदिवासियों एवं दलितों के बजट में कटौती की गई है, कॉर्पोरेट घराने को खुश करने के लिए न्यूनतम मजदूरी का कोई जिक्र नहीं है। नेताओं ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट चुनावी है। इस बजट से आम जनता को कोई फायदा पहुंचाने वाला नहीं है इसलिए वाम दल आठ प्रस्ताव जोड़ने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विष्णु कुमार, अविनाश बेदिया, मेवालाल प्रसाद, नेमन यादव, भाकपा माले के हीरा गोप, जिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया, लालमोहन बेदिया, देवानंद गोप राजू विश्वकर्मा, लालमोहन मुंडा, पवन कुमार सिंह, आजाद कुरेशी आदि शामिल हुए।

डेंटल कॉलेज में कैंसर की रोकथाम पर कार्यक्रम आयोजित

## शराब व तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर होने की अधिक संभवना होती हैं : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय मौखिक और मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मे मिशन हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास हॉस्पिटल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ अजय विद्यार्थी एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर किया गया। चिकित्सकों ने मुंह के कैंसर की शीघ्र पहचान और रोकथाम पर व्यख्यान एवं चर्चा किया। रोकथाम एवं पहचान पर विशेष परामर्श दिया। मौखिक और मैक्सिलोफेशियल उपचार संबंधित विशेष वार्ता हुई। इस दौरान मुंह के कैंसर संबंधित बचाव एवं रोकथाम पर तृतीय वर्ष, चतुर्थ वर्ष और प्रशिक्षुओं द्वारा पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मुंह के कैंसर से बचने के लिए नियमित दांतों की साफ- सफाई एवं देखभाल करना बहुत ही जरूरी है। शराब एवं तम्बाकू के सेवन से मुंह कैंसर होने के अधिक संभवना होती है। अंतर्राष्ट्रीय मौखिक और मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस का मुख्य उद्देश्य मुंह के स्वास्थ्य के प्रति देखभाल करना और जागरूकता फैलाकर समाज में असाध्य रोग से लोगों को बचाया जाए। मौके पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, मौखिक और मैक्सिलोफेशियल के विभागध्यक्ष डॉ रंजीत, व्यख्याता डॉ जयेश सहित सभी संकय के विभागध्यक्ष, व्याख्याता एवं चिकित्सक शामिल रहे।

### सोसायटी ने जयंती पर तिलका मांझी को दी श्रद्धांजलि

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा के नरवा पहाड़ स्थित बाबा तिलका माझी मेमोरियल सोसायटी की ओर से हाड़तोपा में मंगलवार को शहीद तिलका माझी की जयंती मनाई गई. स्थानीय नायके बाबा मधु सुधन नायक ने तिलका माझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का उद्घाटन किया. इसके बाद सोसायटी के सदस्यों व ग्रामीणों ने प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें नमन किया.

**मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची**
**आवश्यक सूचना**
**प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि–सह–योजना (PM-MKSSY)**

प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि–सह–योजना (PM-MKSSY), जो प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत ही एक उप योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मत्स्य कृषकों का कार्य आधारित डिजिटल पहचान सुनिश्चित करना, मछलियों का बीमा के लिए प्रोत्साहित करना, मछली पालन से संबंधित छोटे एवं बड़े व्यवसायों को संस्थागत आर्थिक सहायता प्रदान करना आदि हैं। इस योजना का लाभ राज्य के सभी मछुआरे, मत्स्य कृषक, मत्स्य श्रमिक, विक्रेता, मत्स्य व्यवसायी, मत्स्यजीवी सहकारी समितियाँ, स्टार्ट–अप, FFPOs एवं मत्स्य पालन से संबंधित अन्य सभी ले सकते हैं। यह योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक क्रियान्वित की जानी है।

PM-MKSSY के निम्न घटक हैं जिसका लाभ मात्स्यिकी क्षेत्र में प्राप्त किया जा सकता है –

**1. NFDP (National Fisheries Digital Platform) पोर्टल में निबंधन/कार्य–आधारित पहचान :**

- मत्स्य कृषकों को इस प्लेटफॉर्म में Online निबंधन कराने से बीमा एवं ऋण सुविधा तथा वित्तीय प्रोत्साहनों आदि का लाभ।
- मत्स्य कृषक स्वयं अथवा जिला मत्स्य कार्यालय अथवा नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) के माध्यम से पोर्टल पर
- निःशुल्क निबंधन करा सकते हैं। निबंधन में सही–सही जानकारी दी जाए।

निबंधन पश्चात्, निबंधन की संपुष्टि हेतु इसकी सूचना अपने जिला मत्स्य कार्यालय में देना आवश्यक है।

पोर्टल लिंक – https://nfdp.dof.gov.in/

**2. जल कृषि बीमा सुविधा :**

- इच्छुक किसानों को 4 हेक्टेयर और उससे कम जल विस्तार क्षेत्र का बीमा कराने पर मत्स्य उत्पादन के एक फसल चक्र के लिए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि।
- जल विस्तार क्षेत्र को प्रति हेक्टेयर मो0 25,000 रु0 तक की निर्धारित सीमा तक प्रीमियम राशि की लागत का 40 % प्रदान किया जायेगा। एक किसान को अधिकतम 4 हेक्टेयर तक देय प्रोत्साहन राशि 1 लाख रुपये रहेगी।
- केज, RAS, बायोफ्लॉक आदि पद्धतियों के लिए भी बीमा पॉलिसी प्रीमियम का 40 % अथवा अधिकतम मो0 1.00 लाख रु0 देय होगा। प्रोत्साहन के लिए इकाई का अधिकतम आकार 1800 क्यूबिक मीटर स्वीकार्य होगा।
- ST, SC एवं महिला लाभार्थियों को सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की तुलना में 10 % अतिरिक्त प्रोत्साहन राषि देय होगी।

**3. मात्स्यिकी सूक्ष्म उद्यमों को सहायता : – महिलाओं को प्राथमिकता**

- कार्य निष्पादन अनुदान अंतर्गत सामान्य कोटि को कुल निवेश का अधिकतम 25 % या मो0 35.00 लाख रु0 (जो भी कम) तथा ST, SC एवं महिलाओं को कुल निवेश का अधिकतम 35 % या मो0 45.00 लाख रु0 (जो भी कम)।
- ग्राम स्तरीय संगठनों, SHGs, FFPOs एवं सहकारी समितियों को कार्य निष्पादन अनुदान कुल निवेश का अधिकतम 35 % या मो0 200.00 लाख रु0 मात्र (जो भी कम)।

**4. मत्स्य उत्पादन संबंधी सूक्ष्य एवं लघु उद्यमों को प्रोत्साहन :**

- सूक्ष्म उद्यम – सामान्य कोटि को कुल निवेश का अधिकतम 25 % या मो0 35.00 लाख रु0 (जो भी कम) तथा ST, SC एवं महिलाओं को कुल निवेश का अधिकतम 35 % या मो0 45.00 लाख रु0 (जो भी कम)।
- लघु उद्यम – सामान्य कोटि को कुल निवेश का अधिकतम 25 % या मो0 75.00 लाख रु0 (जो भी कम) तथा ST, SC एवं महिलाओं को कुल निवेश का अधिकतम 35 % या मो0 100.00 लाख रु0 (जो भी कम)।
- ग्राम स्तरीय संगठनों, SHGs, FFPOs एवं सहकारी समितियों को कुल निवेश का अधिकतम 35 % या 200.00 लाख रु0 (जो भी कम)।

नोट :– अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला मत्स्य कार्यालय से सम्पर्क करें। वेबसाइट लिंक – https://nfdb.gov.in/ पर भी इसकी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

।। योजना का लाभ उठाएँ, रोजगार के अवसर पाएँ ।।

निदेशक मत्स्य,
झारखण्ड, राँची

PR 346389 Fish(24-25)D

आधार कार्ड से जुड़े फर्जीवाड़े के आरोप में ग्राहक सेवा केंद्र पर प्रशासन की गिरी गाज

## तत्काल केंद्र बंद, मशीन व संचालक हिरासत में

❑ तिसरी के संत मेरिस विद्यालय के पास सूरज ऑनलाइन साइबर कैफे का मामला

❑ बिहार की आईडी से आधार कार्ड बनाने व अपडेट के लिए 300 से 500 लेने का लगा था आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** आधार कार्ड से जुडे फर्जीवाड़े के आरोप में तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए एक ग्राहक सेवा केंद्र को तत्काल बंद कराते हुए संचालक को पुलिस के हिरासत में सौंप दिया है। मामला प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड स्थित संत मेरिस विद्यालय के पास सूरज ऑनलाइन साइबर कैफे यानी ग्राहक सेवा केंद्र का है। आप सब जानते ही हैं कि हमारे लिए आधार कार्ड कितना महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इससे संबंधित निश्चित व्यवस्था न होने के कारण कुछ ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक फर्जी तरीके से काम कर लोगों से मनमाने रकम वसूल करते हैं। बीते दिनों ऐसा ही एक मामला सूरज ऑनलाइन साइबर कैफे से आया था। जिसपर बिहार राज्य के किसी आधार सेंटर की आईडी का इस्तेमाल कर यहां लोगों का नया आधार कार्ड बनाने और फिंगर अपडेट करने का आरोप लगा था। इतना ही नहीं इसके एवज में ग्राहकों से संचालक द्वारा 300 से 500 रुपय लेने का भी आरोप लगा था। इस मामले को तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने गंभीरता से लिया और गुरुवार को वे पुलिस व अन्य कर्मियों के साथ उक्त ग्राहक सेवा केंद्र पहुंच गए। जहाँ उन्होंने संचालक से इस बाबत पूछताछ की साथ ही केंद्र के अधिकृत कागजातों की मांग की।

### बीडीओ का आम जनता से अपील, ऐसे कार्यों के लिए पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र ही जाएं

इसी दौरान राशन कार्ड केवाईसी और रेलवे टिकट बुकिंग को लेकर दो लोग उक्त केंद्र पहुंच गए। बीडीओ ने उनसे इस बाबत जानकरी ली और इन सब कार्यों के लिए पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र जाने की बात कही। आम जनता से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इन सब कार्यों के लिए पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र ही जाएं, वहां इन सब कार्यों की सूची और शुल्क दोनों लिखी गई है। किसी भी कार्य के लिए लिखे गए शुल्क से ज्यादा न दें।

## भारतीय स्टेट बैंक ने ओल्ड एज होम को उपलब्ध कराया ई रिक्शा वाहन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा रामगढ़ जिला में ओल्ड ऐज होम, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ में संचालित है। जिसमें वर्त्तमान में दो वरिष्ठ नागरिक आश्रय प्राप्त कर रहे है। जिसकी समुचित देखभाल एवं संरक्षण सरकार द्वारा चयनित एजेन्सी गंगा तटीय विकास संस्था द्वारा किया जाता है। 13 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ के सौजन्य से भारतीय स्टेट बैंक के जेनरल मेनेजर प्रभाष बोस के द्वारा वृद्धजनों की सुविधाओं के लिए एक इ-रिक्सा (टोटो) की चाभी इन्दु प्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ को सुपूर्द किया गया। साथ ही जेनेरल मैनेजर द्वारा और भी आवश्यक वस्तुओं उपलब्ध कराने की बात कहीं गयी। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के उप महा प्रबंधक धनबाद विजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक रामगढ़ प्रसून कुमार, मुख्य प्रबंधक पुष्पा कुमारी, मुख्य प्रबंधक अश्विनी कुमार, रणधीर कुमार सिंह सचिव गंगा तटीय विकास संस्थान, कंचन कुमार केयर टेकर ओल्ड ऐज होम तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

**जीवन को पूरी तरह से जीना:** ओशो का मानना था कि जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए, न कि सिर्फ अस्तित्व में रहना। वे कहते थे, "जीवन से भागो मत, उसे पूरी तरह से अपनाओ।" -**ओशो**

## संपादकीय

# हिंदी विरोध से अब सनातन विरोध की राजनीति

दक्षिण भारतीय जनता को हिंदी भाषा के नाम पर डराने वाली राजनीति की पोल खुल चुकी है क्योंकि हिंदी को बाजार की भाषा बनाकर दक्षिण में पर्यटन से लेकर व्यापार के नए रास्ते खुले जिसमे सस्ते उत्तर भारतीय मजदूरों की भी बड़ी भूमिका रही है।तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रमुक के नेता लगातार सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं। इस पार्टी के नेता सड़क से लेकर संसद तक कभी हिंदुत्व के खिलाफ बोलते हैं तो कभी उत्तर बनाम दक्षिण की राजनीति करने लगते हैं। यही नहीं, इसी पार्टी के एक नेता ने तो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के सामने ही अलगाववादी बयान देते हुए 'अलग तमिलनाडु' की मांग के बारे में विचार करने तक की बात कह डाली थी। द्रमुक की इस नफरत भरी राजनीति को आगे बढ़ाने का काम अब पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन ने किया है। उन्होंने संसद के भीतर चिल्ला चिल्ला कर और जिस आवेश में संस्कृत भाषा पर हमला बोला उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया क्योंकि दुनिया की सबसे प्राचीन और हर भाषा की जननी माने जाने वाली संस्कृत के खिलाफ ऐसी नफरत पहले किसी नेता ने नहीं उगली थी। हालांकि जैसे ही मारन ने यह हमला किया वैसे ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मारन पर तगड़ा पलटवार कर दिया था। वैसे यह हैरानी भरी बात है कि अपनी द्रविड़ पहचान बताने वाली अधिकांश द्रविड़ पार्टियां यह नहीं जानतीं कि "द्रविड़" तमिल शब्द नहीं है। यह एक संस्कृत शब्द है जिसकी अंग्रेजों द्वारा गलत व्याख्या 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत की गई थी।द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है। उन्होंने नए संसद भवन में तमिल सेनगोल स्थापित किया और भारत मंडपम के सामने नटराज की प्रतिमा (भगवान शंकर की नटराज प्रतिमा, जो महान चोल राजाओं द्वारा निर्मित तंजावुर में मिली) स्थापित की। देखा जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर तमिल गौरव को इससे अधिक मान्यता पहले कभी नहीं मिली थी। लेकिन इन पार्टियों को तमिल "सांस्कृतिक गौरव" में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे तो बस "राजनीतिक विभाजन" में अधिक रुचि रखते हैं।संस्कृत पर होने वाले खर्च को पैसे की बर्बादी बताने वाले दयानिधि मारन को पता होना चाहिए कि भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है। यह एक ऐसी भाषा भी है जिससे असंख्य भाषाएं निकली हैं। यही नहीं आज के आधुनिक दौर में भी लगभग हर क्षेत्र में संस्कृत की प्रासंगिकता पूरी तरह बनी हुई है। संस्कृत को भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। इस जननी ने सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी भाषाओं को जन्मा है। देश में तो कुछ राज्यों की यह आधिकारिक भाषा भी है। भारत के प्राचीन ग्रंथ और वेद पुराण आदि सभी संस्कृत में ही लिखे गये हैं। महाभारत काल में भी वैदिक संस्कृत का उपयोग किया जाता था।



*संस्कृत को भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। इस जननी ने सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी भाषाओं को जन्मा है।*

# वेलेंटाइन डे सिर्फ एक दिन का प्यार क्यों?

हर साल 14 फरवरी आते ही दुनिया में एक अजीब सा गुलाबी माहौल बनने लगता है। वेलेंटाइन डे आते ही लड़कों को अपने कपड़ों और हेयरस्टाइल की चिंता सताने लगती है, जबकि लड़कियां अपने लुक्स को लेकर असमंजस में पड़ जाती हैं।

और पार्कों-रेस्टोरेंट्स में जगह कम पड़ने लगती है। मोहब्बत का मौसम चरम पर होता है, और कुछ दिलों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। लेकिन रुकिए! क्या वेलेंटाइन डे सिर्फ इन सब चीज़ों तक सीमित रह गया है? क्या यह सच में प्यार का त्योहार है या फिर गिफ्ट शॉप्स और ऑनलाइन सेल्स का 'बिजनेस डे'? चलिए, इस दिन की हकीकत को थोड़ा ठीक से समझते हैं।

आज की बात



**कुमार संजय**

### वेलेंटाइन डे का इतिहास

इस दिन का नाम संत वेलेंटाइन के नाम पर रखा गया, जो तीसरी शताब्दी में रोम में हुआ करते थे। रोम के सम्राट क्लॉडियस द्वितीय को यह गलतफहमी थी कि शादीशुदा लोग अच्छे सैनिक नहीं बन सकते। तो जनाब ने सैनिकों की शादी पर रोक लगा दी। लेकिन संत वेलेंटाइन को यह नाइंसाफी लगी और उन्होंने चोरी-छिपे प्रेमी जोड़ों की शादी करवाई। जैसे ही राजा को यह पता चला, तो उन्हें जेल में डाल दिया गया। अब असली ट्विस्ट यहाँ आया! जेल में संत वेलेंटाइन को जेलर की बेटी से प्यार हो गया (कहानी काफी फिल्मी है, नहीं?)। जब उनकी फांसी का दिन आया, तो उन्होंने उसे एक पत्र लिखा, जिस पर लिखा था – "तुम्हारे वेलेंटाइन की ओर से।" और बस, तभी से हर साल 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाया जाने लगा।

### आजकल वेलेंटाइन डे पर क्या होता है?

पहले प्यार खतों में लिखा जाता था, फिर गुलाब के फूलों में सिमट गया, और अब यह व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम स्टोरीज में कैद होकर रह गया है। इस दिन पार्क, रेस्टोरेंट और कैफे प्रेमी जोड़ों से भरे रहते हैं। गिफ्ट की दुकानों में भीड़ होती है, और सोशल मीडिया पर हर कोई अपने पार्टनर के साथ "कपल गोल्स" सेट कर रहा होता है। लेकिन, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इस दिन या तो "सिंगल" होने का मातम मना रहे होते हैं या फिर फ्रेंड जोन में रहने की मजबूरी को कोस रहे होते हैं। वहीं कुछ लोग वेलेंटाइन डे की खिलाफत करने में लगे रहते हैं, जैसे कि मोहब्बत से उन्हें कोई निजी दुश्मनी हो!

### तो फिर सही तरीका क्या है?

1. सच्चे प्यार को समझें - प्यार को सिर्फ एक दिन तक सीमित मत रखिए। हर दिन अपने अपनों को अहमियत दीजिए।
2. **गिफ्ट से ज्यादा प्यार दीजिए :** अगर किसी को सच्चा प्यार जताना है, तो एक अच्छा व्यवहार और समय दीजिए। प्यार ब्रांडेड घड़ी से नहीं, बल्कि सच्ची भावनाओं से चलता है।
3. **हर रिश्ते में प्यार बांटिए** : इस दिन को सिर्फ कपल्स के लिए मत रखिए। अपने माता-पिता को, दोस्तों को, किसी जरूरतमंद को भी प्यार का एहसास कराइए।
4. **दिखावे से बचिए :** सोशल मीडिया पर प्यार दिखाने के बजाय, असल जिंदगी में एक-दूसरे को समय दीजिए। इंस्टाग्राम स्टोरी से ज्यादा मजबूत रिश्ता बातचीत और समझदारी से बनता है।

### क्या गलत हो रहा है?

1. **बाज़ारीकरण का भूत :** पहले प्यार सिर्फ दिल से किया जाता था, अब यह क्रेडिट कार्ड से होने लगा है। महंगे गिफ्ट्स, ब्रांडेड चॉकलेट्स और फैंसी डिनर जरूरी हो गए हैं। अब प्यार नहीं जताया, तो बेवफा कहलाने का खतरा!
2. **दिखावे का जमाना :** सोशल मीडिया पर कपल फोटोज़ और कैंडललाइट डिनर की तस्वीरें डालना जरूरी हो गया है। लेकिन असली सवाल यह है—क्या प्यार इंस्टाग्राम पर लाइक्स से बड़ा होता है या नहीं?
3. **सिर्फ प्रेमी-प्रेमिका तक सीमित क्यों? :** प्यार सिर्फ गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड तक सीमित क्यों हो? माँ-बाप, भाई-बहन, दोस्तों से भी तो प्यार किया जा सकता है!
4. **संस्कृति बनाम प्यार :** हर साल कुछ लोग वेलेंटाइन डे का विरोध करते हैं। कुछ धार्मिक और राजनीतिक दल प्यार करने वाले जोड़ों के साथ बहुत बदतमीजी से पेश आते हैं।



### अंत में... प्रेम का असली मतलब!

- "प्यार वह एहसास है जो दिल से किया जाता है, न कि किसी दिन विशेष पर!"
- वेलेंटाइन डे अच्छा है, पर अगर यह सिर्फ दिखावे का बहाना बन जाए, तो यह अपने असली मकसद से भटक जाता है। प्यार एक दिन का मोहताज नहीं होता, बल्कि हर दिन इसे महसूस किया जाना चाहिए।
- तो इस वेलेंटाइन डे पर आप क्या करेंगे? महंगे गिफ्ट खरीदेंगे या किसी अपने को वक्त देकर उनके चेहरे पर सच्ची मुस्कान लाएंगे? फैसला आपका है! (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# प्रेम के बिना यह धरती श्मशान है



**लाओत्सु**

लाओत्सु ने कहा है कि अपने अस्तित्व के केंद्र में रहें, क्योंकि आप केंद्र से जितने ज्यादा दूर होते हैं, उतना ही कम सीखते हैं। इसके लिए अपने दिल को टटोलें। इस वाक्य से स्पष्ट है कि अस्तित्व के केंद्र में प्रेम है। अगर हम अपने दिल से इसका जवाब मांगे तो यही मिलेगा कि प्रेम निकाल दो तो यह पृथ्वी श्मशान हो जायेगी। हालांकि भारतीय परंपरा में श्मशान को भी शिव या वैराग्य प्रेम का एक स्थल माना गया है। प्रेम का आभामंडल शाश्वत होता है। इसकी अनुभूति के लिए हमारे अंदर बस स्पंदन होना चाहिए। शरीर के साथ हृदय का स्वर। जब इसका संबंध बनता है, तो हमें प्रेम में दिव्यता और दिव्यता का वैश्विक स्वरूप दिखता है। पिछले दिनों अमेरिका प्रवास पर था। एक दिन न्यूयॉक के एम्पायर स्टेट के सामने मोनार्क होटल के रूफ टॉप पर रात 12 बजे डिनर कर रहा था। हल्की बारिश और रोशनी में समूचा परिवेश नहाया था। परिवेश में शांति पसरी थी। सब अपनी खुशी और खामोशी के साथ दिख रहे थे। उस पल मेरे मन में भाव उठा कि प्रेम भी इतना ही ऊंचा और विशाल हो जाए, तो संसार कितना सुंदर और सुरमयी हो जायेगा। यह शून्य की दुनिया है। जहां झील सा खामोश प्रेम बस पसरा है। इस सृष्टि का केंद्र प्रेम है। प्रेम ही परमात्मा है, जो पुरुष और प्रकृति के रूप में इस जीवन को चलाता रहता है। जीवन के लिए इस संसार में जो संतुलन है, जो आकर्षण है, जो जुड़ाव है। वह भी प्रेम के कारण है। प्रेम एक शक्ति है, जो खुद को विविध तत्वों में प्रकट करती है, और प्रेम उसको धारण करता है। इस काव्य संग्रह को लिखने की प्रेरणा एक संवाद से मिला। एक मित्र ने कहा कि मैं दुर्गापूजा मनाता हूं और आपके लिए होली सबसे बड़ा पर्व होगा। मैंने कहा कि इस जगत का स्वाभाविक उत्सव है होली और दुर्गापूजा। इसे किसी व्यक्ति और समाज ने विधान के तहत नहीं शुरू किया। यह स्वतः प्रकृति प्रदत्त विधान है। प्रकृति में परिवर्तन के साथ साधना का अनुष्ठान है दुर्गापूजा। प्रकृति के सौंदर्य और सुवास का उत्सव है होली। दुर्गापूजा के साथ साधना है, जो शक्ति लाता है। होली के साथ सौंदर्य है, जो प्रेम लाता है। प्रेम यानी शिव से होली तो शक्ति से दुर्गापूजा।

अलग बात



**डॉ. मयंक मुरारी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# कार्य-संस्कृति में संतुलन समय की मांग

आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में हर कोई अधिकतम उत्पादन और लाभ की होड़ में लगा हुआ है। चाहे वह निजी क्षेत्र हो, सरकारी संस्थान हो या गैर-सरकारी संगठन, कर्मचारियों से निरंतर कार्य करने की अपेक्षा की जा रही है। काम की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं रही, सप्ताहांत की छुट्टियाँ समाप्त हो रही हैं और त्योहारों पर भी अवकाश मिलना मुश्किल होता जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल कर्मचारियों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और उत्पादकता को भी बाधित कर रही है।

देश की बात



**अमित गुप्ता**

### अनुशासन और सीमित कार्य समय : सफलता की कुंजी

हमारे पूर्वजों और विद्वानों ने कार्य को बोझिल बनने से रोकने के लिए एक सुव्यवस्थित कार्य-संस्कृति की नींव रखी थी। सप्ताह में छह दिन कार्य करने के पश्चात शनिवार को अर्ध-अवकाश और रविवार को पूर्ण अवकाश देने की परंपरा स्थापित की गई थी, ताकि कर्मचारी स्वयं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से पुनः ऊर्जावान बना सकें। यह विश्राम न केवल कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। आज, जब तकनीक और डिजिटल साधनों के माध्यम से कार्य पहले की तुलना में अधिक कुशलतापूर्वक किया जा सकता है, तब कर्मचारियों को अधिक समय तक काम करने के लिए बाध्य करना तर्कसंगत नहीं है। अनुशासन और निश्चित कार्य-समय के अंतर्गत कार्य करना किसी भी संगठन के लिए दीर्घकालिक रूप से लाभदायक होता है, क्योंकि इससे कर्मचारियों का मनोबल ऊँचा रहता है और वे अपने कार्य में पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ योगदान दे सकते हैं।

### नियोक्ताओं की बदलती सोच: एक चिंताजनक प्रवृत्ति

वर्तमान समय में कई नियोक्ताओं ने अपने कर्मचारियों को 'बंधन मुक्त श्रमिक' की भाँति कार्य करने के लिए विवश कर दिया है। इससे कार्यस्थल पर असंतोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों की व्यक्तिगत ज़िंदगी प्रभावित हो रही है, जिससे वे न तो अपने परिवार को समय दे पा रहे हैं और न ही स्वयं को मानसिक रूप से स्वस्थ रख पा रहे हैं। नियोक्ताओं को यह समझना होगा कि जब कर्मचारी मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे, तभी वे अपने कार्य में अधिक दक्षता और उत्साह दिखा पाएंगे। इसके विपरीत, जब वे अत्यधिक कार्यभार और अनियमित समय-सारणी के कारण थका हुआ महसूस करेंगे, तो उनकी उत्पादकता में गिरावट आएगी, और अंततः संगठन को ही नुकसान होगा।

### अत्यधिक कार्यभार : बीमारियों और तनाव का कारण

- लगातार काम करने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अध्ययनों से यह सिद्ध हो चुका है कि अत्यधिक कार्यभार के कारण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक समस्याएँ बढ़ती हैं।
- अगर कर्मचारी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं रहेंगे, तो वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे पाएंगे। यह न केवल कर्मचारी बल्कि नियोक्ता और पूरी अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक है।

### समाधान: संतुलन की ओर कदम

*नियोक्ताओं को अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाने की आवश्यकता है। निम्नलिखित बिंदु इस दिशा में प्रभावी साबित हो सकते हैं :*

1. **निश्चित कार्य-समय लागू किया जाए :** कर्मचारियों से केवल निर्धारित समय तक कार्य करवाया जाए, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें।
2. **सप्ताहांत अवकाश सुनिश्चित हो :** शनिवार को अर्ध-अवकाश और रविवार को पूर्ण अवकाश अनिवार्य किया जाए।
3. **त्योहारों और पारिवारिक जीवन का सम्मान किया जाए :** कर्मचारियों को त्योहारों और विशेष पारिवारिक अवसरों पर अवकाश दिया जाए, जिससे वे अपने परिवार के साथ समय बिता सकें।
4. **कार्यस्थल पर तनाव-मुक्त वातावरण प्रदान किया जाए :** कंपनियों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और योग-सत्र जैसी गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए, ताकि कर्मचारी तनावमुक्त रहें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जनता ने जिसको दिया, राजा जैसा मान।
भस्मासुर सा दौडता, है लेने को प्राण।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# क्या विपक्षी एकता कायम रहेगी

अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था,जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार विजय प्राप्त करता है,शेष पराजित होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपने भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत-सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और था। वर्तमान राजनीतिक उतार-चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की क़वायद कर चुके हैं, लेकिन यह क़वायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है।

सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित रणनीति अपनाई, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है,स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था।

जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाइश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे,दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को ज़मीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्मघाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे इसलिए कांग्रेस से किनारा कर चुनाव मैदान में अकेले कूदे और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का काम किया। कहीं-कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ। इसलिए यह क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मिलकर आसानी से चुनाव लड़ेंगे,यह बहुत व्यावहारिक नहीं दिखता। कई राज्यों में यह भी दिखाई दिया कि जिन क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस ने समझौता किया,उन राज्यों में कांग्रेस तो डूबी ही,साथ आने वाले दलों को भी डुबो दिया।

आपकी बात



**सुरेश हिंदुस्तानी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# महाकुंभ : फाल्गुन मास में होगा संस्कृति, पर्यावरण और बर्ड फेस्टिवल का 'संगम'

**लखनऊ/महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

योगी सरकार ने महाकुंभ-2025 को अद्वितीय, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व बना दिया है। इसमें माघ पूर्णिमा तक का स्नान संपन्न हो चुका है। इसके उपरांत फाल्गुन मास में भी त्रिवेणी तट पर संस्कृति, पर्यावरण व बर्ड फेस्टिवल का 'संगम' होगा। एक तरफ यहां त्रिवेणी, सरस्वती व यमुना पंडाल पर शुक्रवार से सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी तो वहीं 16 फरवरी को जलवायु सम्मेलन होगा। इस दिन से ही त्रिदिवसीय बर्ड फेस्टिवल भी आयोजित किया जाएगा। गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक आयोजन प्रारंभ हो गए। महाकुंभ के मुख्य पंडाल 'गंगा' में अभी बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर, मोहित चौहान, कविता सेठ, नवदीप वडाली सरीखे कलाकारों के सुगम संगीत से श्रोता दो-चार होंगे। माघ पूर्णिमा स्नान के उपरांत फाल्गुन मास में भी सुरमई सांझ में श्रोता-दर्शक भारतीय संस्कृति का दीदार करेंगे। गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए, जबकि शुक्रवार से त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल पर कार्यक्रम शुरू होंगे। महाकुंभ

**16 से 18 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल होगा, जिसमें लगभग 200 प्रजातियों के पक्षियों का महाकुंभ भी होगा**

की अवधि के दौरान कैलाश खेर, मोहित चौहान, सुचेता भिड़े, कविता सेठ, नितिन मुकेश सरीखे नामचीन कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इस दौरान शास्त्रीय संगीत, वायलिन, तबला, बांसुरी वादन, ध्रुपद गायन, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओडिसी नृत्य आदि विधा के कलाकार महाकुंभ में अपनी प्रतिभा बिखेरेंगे। आस्था के साथ ही महाकुंभ प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगा। सीएम योगी के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए ईको टूरिज्म का विशेष प्लान भी बनाया गया है। 16 से 18 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भी होगा, जिसमें लगभग 200 प्रजातियों के पक्षियों का महाकुंभ भी होगा। इसमें लुप्तप्राय इंडियन स्कीमर, फ्लेमिंगो और साइबेरियन क्रेन आदि का दीदार कर सकेंगे। यहां साइबेरिया, मंगोलिया, अफगानिस्तान समेत लगभग एक दर्जन से अधिक देशों से साइबेरियन पक्षियों का भी दीदार होगा। फेस्टिवल के दौरान फोटोग्राफी, पेंटिंग, नारा लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी समेत अनेक प्रतियोगिताएं होंगी, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भारतीय संस्कृति, प्रकृति प्रेम व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अनूठा मिश्रण होगा।

यूपी के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से महाकुंभ में 'आस्था व जलवायु परिवर्तन' पर जलवायु सम्मेलन भी होगा। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटना और जलवायु सुधार को लेकर प्रेरित करना है।

## महाकुंभ में श्रद्धा और सेवा का अनूठा मेल

## 600 से अधिक निराश्रित बुजुर्गों ने किया स्नान



**महाकुंभ नगर ।** उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का ध्यान रख रही है। विशेष रूप से समाज के उन वर्गों के लिए जो अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। इसी दिशा में योगी सरकार ने एक अनूठी पहल करते हुए महाकुंभ में 2,000 निराश्रित वृद्धजनों को संगम स्नान कराने की व्यवस्था की है। इसमें अब तक 600 से अधिक बुजुर्गों को संगम स्नान कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल न केवल बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में सेवा और समरसता की मिसाल भी पेश करती है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर बीते दो दिन में देवरिया, बहराइच, अमरोहा और बिजनौर जनपद के वृद्धाश्रमों में रहने वाले 100 से अधिक वरिष्ठजनों को विभागीय अधिकारियों द्वारा बसों से प्रयागराज लाया गया। महाकुंभ क्षेत्र में पहली बार समाज कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष कैंप स्थापित किया गया, जहां 100 बेड की क्षमता वाला आश्रम तैयार किया गया है। यहां बुजुर्गों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

योगी सरकार ने हमेशा से बुजुर्गों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुंभ के दौरान पहली बार यह विशेष पहल की गई है। इस कैंप में वरिष्ठजनों की दिनचर्या को न केवल सुविधाजनक बनाया गया है, बल्कि उनके मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

## मेले में बच्चों को बिछड़ने से बचाने के लिए अपनाई अनोखी तरकीब, हाथ पर मेहंदी से लिखा फोन नंबर

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। माघी पूर्णिमा का स्नान खत्म होने के बाद भी भक्तों की भीड़ कम नहीं है। इस विशाल जनसमूह में कई लोग अपने परिजनों से बिछड़ते और फिर मिलते हैं। भीड़ में खोने की समस्या से बचने के लिए भोपाल से आए एक परिवार ने अनोखा तरीका अपनाया है। इस परिवार ने प्रयागराज आने से पहले अपने बच्चों के हाथों में मेहंदी से माता-पिता का फोन नंबर लिख दिया, ताकि अगर बच्चे मेले में बिछड़ जाएं, तो कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क कर उन्हें उनके परिवार से मिलवा सके। परिवार का कहना है कि उन्होंने पेन से नंबर लिखने के बजाय मेहंदी का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि पेन की स्याही जल्दी मिट जाती है, जबकि मेहंदी का रंग कई दिनों तक बना रहता है। परिवार के एक सदस्य अजय सोनी ने बताया कि हम लोग रेलगाड़ी से आए। रेलगाड़ी में बहुत ज्यादा भीड़ थी। इसके अलावा यहां कुंभ में भी करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं।



## माघ पूर्णिमा स्नान के बाद सफाई अभियान ने बदली तस्वीर, श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान की हुई अनुभूति

महाकुंभ 2025 के तहत माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व के बाद संगम घाटों की सफाई को लेकर मेला प्रशासन ने एक बार फिर अपनी तत्परता साबित की। स्नान पर्व समाप्त होने के बाद शाम को ही सफाईकर्मियों की टीम ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप रातों-रात संगम घाट फिर से स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगे। माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फूल, माला, कपड़े, खाना घाट पर ही छोड़ दिए। साथ ही बड़ी संख्या में शौचालयों का भी उपयोग किया गया। मेला प्रशासन ने घाटों पर भीड़ घटने के बाद सफाई अभियान चलाया और सुबह तक एक बार फिर घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफलता प्राप्त की। मेला प्रशासन की ओर से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए थे कि भीड़ खत्म होते ही वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए। निर्देशों के क्रम में भीड़ कम होते ही अभियान की शुरुआत की गई।



## 'कुछ लोग देश को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं' राज्यसभा में जेपी नड्डा का विपक्ष पर पलटवार

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने रिपोर्ट को एकतरफा बताते हुए वॉकआउट किया तो केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि ये व्यवहार गैर जिम्मेदाराना है। जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने आज सदन से वॉकआउट किया है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सुबह से ही सभापति ने विपक्ष को पूरी तत्परता के साथ अपनी बात रखने का मौका दिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## हमारी सरकार अच्छा काम कर रही, जेपीसी रिपोर्ट पर विपक्ष का हंगामा बेमानी : संजय

**फिरोजाबाद ।** निषाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद गुरुवार को यूपी के फिरोजाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष के व्यवहार को गैर जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है और इसलिए उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। सरकार की उपलब्धियों पर संजय निषाद ने कहा कि हमारी सरकार अच्छे काम कर रही है, जबकि विपक्ष के पास कोई काम नहीं है, कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष सिर्फ हंगामा करने में लगा है, जबकि सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है। सदन में जेपीसी रिपोर्ट को लेकर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे पर संजय निषाद ने कहा कि विपक्ष के पास अब कुछ भी नहीं बचा है, वह सिर्फ हंगामा कर रहे हैं। विपक्ष को अब जनता के मुद्दों पर कोई समाधान देने का सामर्थ्य नहीं है, इसलिए वह सिर्फ विरोध करने में लगे हैं।

# हम लोगों के रहते भाजपा की बिहार में नहीं बनेगी सरकार : लालू यादव

**एजेंसी। पटना**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेता उत्साहित हैं। इसे लेकर एनडीए के नेताओं का कहना है कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि हम लोग के रहते बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी। दरअसल, राजद अध्यक्ष पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस क्रम में जब उनसे एनडीए के नेताओं के 'दिल्ली के बाद बिहार की बारी है और 225 पार होगा परिणाम' से संबंधित बयान को लेकर सवाल किया गया, तब लालू यादव ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम का यहां कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा बिहार में सत्ता से जाएगी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, "भाजपा कैसे बना लेगी सरकार? हम लोग के रहते भाजपा सरकार बना लेगी? भाजपा को लोग जान गए हैं। अब वह कभी सत्ता में नहीं आएगी।" उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेताओं की नजर इस साल होने वाले बिहार विधानसभा पर है। भाजपा और एनडीए के नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर विजय पाने के लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा की विधायक और ओलंपिक खिलाड़ी श्रेयसी सिंह ने बुधवार को कहा था कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है, उसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव का भी खाता नहीं खुलने वाला है।

### लालू यादव जीवन के अंतिम दौर में, उनके बयान का कोई महत्व नहीं : दिलीप जायसवाल

**नई दिल्ली।** बीजेपी की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को आईएएनएस से बात करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बयान को गंभीरता से न लेने की सलाह दी। उन्होंने इसकी वजह उनकी ढलती उम्र को बताया। दिलीप जायसवाल ने कहा कि लालू यादव अब अपने जीवन के अंतिम दौर में हैं और उनका क्या कहना है, इसका कोई महत्व नहीं है। उनके दिमाग में सिर्फ एक चीज चल रही है और वह है परिवारवाद। कोई भी बुजुर्ग व्यक्ति जब अपने जीवन के इस मुकाम पर पहुंचता है, तो वह चाहता है कि अपने परिवार के सभी सदस्यों को रोजगार दे और यही लालू यादव भी कर रहे हैं।

### अहंकार की भाषा बोल रहे हैं लालू, 15 साल तक बिहार की दुर्गति हुई : श्रवण कुमार सिंह

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हमारे रहते बिहार में भाजपा की सरकार नहीं बन सकती है। इसके बाद उन्होंने बिहार में आरजेडी की सरकार बनने का दावा किया। उनके इस बयान पर बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार सिंह ने इसे लालू प्रसाद यादव का अहंकार बताया। उन्होंने कहा कि जनता पहले भी उनको 15 साल तक झेल चुकी है। उन 15 सालों में बिहार की जो दुर्गति हुई। बिहार में जंगलराज फैल गया था। जबकि नीतीश कुमार के 20 साल के शासन काल में बिहारी कहलाना सौभाग्य हो गया।

## न्यायमूर्ति शेखर यादव को हटाने का विषय संवैधानिक रूप से संसद के अधीन : सभापति

**नई दिल्ली ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया गया था। यह नोटिस करीब दो महीने पहले संसद के पिछले सत्र के दौरान कई सांसदों द्वारा राज्यसभा के सभापति को भेजा गया था। गुरुवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इस मामले पर वक्तव्य देते हुए कहा, "माननीय सदस्यगण, मुझे 13 दिसंबर 2024 को प्राप्त एक अदिनांकित नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें राज्यसभा के 55 माननीय सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। इस नोटिस में संविधान के अनुच्छेद 124(4) के तहत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर यादव को पद से हटाने की मांग की गई है। उल्लेखित विषय पर संवैधानिक अधिकार क्षेत्र विशेष रूप से राज्यसभा के अध्यक्ष के पास है और किसी परिस्थिति में संसद और माननीय राष्ट्रपति के पास होगा

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गया को दी 1,437 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात

**एजेंसी। पटना**




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को प्रगति यात्रा के क्रम में गया जिला पहुंचे, जहां उन्होंने 1,437.90 करोड़ रुपए की कुल 1,714 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चंदौती प्रखंड के प्रभावती अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जीविकोपार्जन गतिविधियों से संबंधित लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने नीरा संग्रहण-सह-बिक्री केंद्र का भी मुआयना किया और उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। स्टॉल अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत करते हुए उनके कार्यों की तारीफ की और हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने गया दौरे के क्रम में 4,587.68 लाख रुपए की लागत से लावकबार बांध निर्माण एवं पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य तथा कोठी वीयर सिंचाई योजना का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह कार्य पूर्ण हो जाने से लावाबार, बाहा गणेशपुर, लौटारा, सोबरी, बसुरा, रॉधा एवं सील्हना गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने इमामगंज प्रखंड में प्रस्तावित इमामगंज कोठी-सलैया पथ के चौड़ीकरण एवं वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का भी स्थल निरीक्षण किया। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने प्रस्तावित पथों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बोधगया प्रखंड के बसाठी ग्राम के बतसपुर वीयर बांध परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बतसपुर वीयर बांध परियोजना और मोराटल मुख्य पईन के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बतसपुर ग्राम में गोबर गैस प्लांट, मनरेगा पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा हाट, खेल के मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावती अस्पताल परिसर में 2,903 लाख रुपए की लागत से बने सौ बेड वाले नवनिर्मित मॉडल अस्पताल का उद्घाटन किया।

उन्होंने गया जिले में 14 प्रखंडों अतरी, कोंच, गया सदर, टेकारी, डुमरिया, परैया, फतेहपुर, बाराचट्टी, मानपुर, वजीरगंज, आमस, मोहनपुर, गुरारू एवं बांकेबाजार में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण कराने, इमामगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना, मोरहर नदी पर कोठी वीयर का निर्माण, बसतपुर वीयर से लोदीपुर तक पईन का जीर्णोद्धार, पुलिया का चौड़ीकरण एवं लोदीपुर तक पईन का विस्तारीकरण जैसी कई योजनाओं की घोषणा की।

## अमानतुल्लाह खान ने कहा, मेरी इमेज खराब करने की कोशिश की जा रही है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से विधायक और आम आदमी पार्टी (आप) नेता अमानतुल्लाह खान ने हाल ही में मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी इमेज को जानबूझकर खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार को सीबीआई कोर्ट और फिर नोएडा कोर्ट में पेशी दी थी और पुलिस ने नोटिस भेजकर गुरुवार शाम 5 बजे बुलाया था। उन्होंने कहा, "फिर गिरफ्तारी की बात कहां से आ रही है?" उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने घर में थे और कहीं भागे नहीं थे, साथ ही यह भी बताया कि उनके पास कोई पुलिस अधिकारी नहीं आया। मैं विधायक हूं और ओखला का प्रतिनिधित्व करता हूं। यही मेरा जुर्म है। उन्होंने बताया कि वह अपने इलाके में कुछ सीवर पंपों की खराबी को देखने गए थे। वहां कुछ हो रहा था। लेकिन, उसका उन्हें पता नहीं चला।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग उन्हें भगोड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कोर्ट ने मुझे 24 फरवरी तक का समय दिया है और जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। हमें उनका काम करने देना चाहिए। उन्होंने मीडिया पर आरोप लगाया कि वह सिर्फ एक पक्ष की खबरें चला रहे हैं। गौरतलब है कि ओखला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान पर यह आरोप है कि उन्होंने एक अपराधी को पुलिस की पकड़ से छुड़ाकर फरार होने में मदद की है। इसके बाद पुलिस ने विधायक और उनके सहयोगियों पर एफआईआर दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान अमानतुल्लाह खान का मोबाइल फोन बंद आ रहा था और उनकी तलाश पुलिस की टीम कर रही थी। गुरुवार को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट में मंजूर कर ली गई।

# भारत कड़े संघर्ष के बाद दक्षिण कोरिया से 2-3 से हारा




**क्रिंगदाओ(आईएएनएस)।** पुरुष एकल खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण और गायत्री गोपीचंद तथा ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने दो मैच पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम को दौड़ में बनाए रखा, लेकिन यह काफी नहीं था और भारत गुरुवार को चीन के क्रिंगदाओ में बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप 2025 में अपने दूसरे ग्रुप डी मुकाबले में दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार गया। पहले ही नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके भारत और दक्षिण कोरिया ने ग्रुप विजेता का निर्धारण करने के लिए मुकाबला किया। भारत के लिए यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी क्योंकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी और महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ अपने-अपने मैच हार गए। राष्ट्रीय खेलों के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता सतीश ने चो जियोनीओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को मुकाबले में वापस ला दिया। गायत्री और ट्रीसा की विश्व की नौवें नंबर की जोड़ी ने फिर किम मिन जी और किम यू जंग को 19-21, 21-16, 21-11 से हराकर स्कोर 2-2 कर दिया और भारत की जीत की उम्मीद जगाई। भारत ने एक बार फिर अपने पुरुष युगल संयोजन में बदलाव किया, इस बार जिन योंग और ना सुंग सेंग के खिलाफ एमआर अर्जुन के साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मैदान में उतारा। सात्विक और अर्जुन शुरुआती गेम में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर दी और अंततः 25-23 से हार गए। परिणामः भारत दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार गया (ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो की डोंग जू/जियोंग ना यून से 21-11, 12-21, 15-21 से हार गए; मालविका बंसोड़ सिम यू जिन से 9-21, 10-21 से हार गई; सतीश करुणाकरण ने चो जियोनीओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराया; गायत्री गोपीचंद/ट्रीसा जॉली ने किम मिन जी/किम यू जंग को 19-21, 21-16, 21-11 से हराया; एमआर अर्जुन/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी जिन योंग/ना सुंग सेउंग से 14-21, 23-25 से हार गए)

## हरमनप्रीत ने घरेलू सत्र में सभी बल्लेबाजों की बेहतर स्ट्राइक रेट का श्रेय डब्ल्यूपीएल को दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे संस्करण की शुरुआत से पहले, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि पांच टीमों का यह टूर्नामेंट मौजूदा 2024/25 घरेलू सत्र में सभी बल्लेबाजों के बेहतर स्ट्राइक रेट के पीछे एक बड़ा कारण रहा है। चूंकि पांच टीमें 14 फरवरी से 15 मार्च तक चलने वाले डब्ल्यूपीएल के नए सत्र के लिए तैयार हैं, इसलिए यह घरेलू सत्र की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जहां बल्लेबाज क्रीज पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे मैचों में अधिक आक्रामक स्ट्रोकप्ले देखने को मिल रहा है। यह भी मदद मिली है कि डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी भारतीय खिलाड़ियों के लिए ऑफ-सीजन और प्री-सीजन कैंप आयोजित कर रही हैं, जो मुख्य रूप से खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी फिटनेस और पोषण के स्तर पर काम करते हैं। "एक बात बहुत स्पष्ट थी - अगर हम इस सीजन में अपने घरेलू क्रिकेट की बात करें, तो सभी बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट बहुत बेहतर था। यही (डब्ल्यूपीएल) एकमात्र कारण था। घरेलू (मैचों) में 300 से ज़्यादा रन बने और सभी ने बहुत बढ़िया तरीके से बल्लेबाज़ी की। इसलिए मुझे लगता है कि अगर घरेलू क्रिकेटरों को इस प्रतियोगिता में भाग लेना है, तो उन्हें डब्ल्यूपीएल से एक बात समझ में आई, उन्हें अपने स्ट्राइक रेट और पावर-हिटिंग क्षमता पर कड़ी मेहनत करने की ज़रूरत है।" राजकोट में बंगाल और हरियाणा के बीच सीनियर महिला वन-डे ट्रॉफी क्वार्टर फ़ाइनल के ज़रिए हरमनप्रीत की बात और भी सही साबित होती है। उस मैच में, शेफाली वर्मा ने हरियाणा के लिए 115 गेंदों पर 197 रनों की पारी खेली, लेकिन बंगाल ने पांच विकेट और पांच गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। तनुश्री सरकार ने 83 गेंदों पर 113 रन बनाकर बंगाल के लिए विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नेतृत्व किया, जबकि प्रियंका बाला, धारा गुज्जर और सस्थी मंडल ने अर्धशतक बनाए, जिससे बंगाल ने महिला लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाया। हरमनप्रीत ने कहा, "मुझे लगता है कि (बल्लेबाजों की स्ट्राइक रेट पर डब्ल्यूपीएल का प्रभाव) हमने अपने घरेलू क्रिकेट में देखा है और यह डब्ल्यूपीएल से मिली सबसे बड़ी सकारात्मक बात भी है और हमारे क्रिकेटर इस पर काम कर रहे हैं। पावर-हिटिंग क्षमता और क्षेत्ररक्षण, मुझे लगता है कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें वे हर सीजन में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं।






### भारत व बांग्लादेश चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला 20 फरवरी को

# टीम इंडिया लगातार दूसरे साल आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहेगी

- भारतीय टीम अब अपने मिशन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 फरवरी को रवाना होगी
- दोनों के बीच 2017 में एक मैच हुआ है, जिसमें भारत ने जीता दर्ज की थी।

**एजेंसी। दुबई**

इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त जीत के साथ ही टीम इंडिया के हौसले 7वें आसमान पर हैं। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में शतक ठोका तो तीसरे वनडे में विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी और उपकप्तान शुभमन गिल ने सेंचुरी ठोकते हुए फॉर्म पा ली। हालांकि, जसप्रीत बुमराह के रूप में उसे बड़ा झटका जरूर लगा है, लेकिन कहते हैं ना एक रास्ता बंद होता है तो कई खुल जाते हैं। 2007 टी20 विश्व कप में बड़े-बड़े सूरमा नहीं थे, लेकिन युवा भारतीय टीम ने पहला खिताब जीता।

अब जब बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच रोहित सेना खेलने उतरेगी तो उसकी पूरी कोशिश होगी कि आगाज जीत के साथ हो। सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरान नहीं कर रही है। ऐसे में वह अपने सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। भारत टूर्नामेंट में 20 फरवरी को बांग्लादेश से भिड़ेगा। रोचक बात यह है कि भारत को बांग्लादेश चैंपियंस ट्रॉफी में कभी हरा नहीं पाया है। दोनों के बीच 2017 में एक मैच हुआ है, जिसमें भारत ने जीता दर्ज की थी।

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**VS**

**बांग्लादेश टीम**

नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मुश्फिकुर रहीम, महमुदुल्लाह, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

## शाहीन, सऊद और कामरान पर लगा जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कराची में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज इन तीनों पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आईसीसी आचार संहिता के लेवल वन के उल्लंघन का दोषी पाया है। शाहीन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत तथा सऊद और कामरान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शाहीन को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन तथा सऊद और कामरान को संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 28वें ओवर में उस समय हुई जब शाहीन जानबूझकर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रास्ते में आ गए, जब वह एक रन के लिए दौड़ रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ और जिसके परिणामस्वरूप बहस भी हुई। इसके अलावा तीनों खिलाड़ियों के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनमें से किसी ने भी 24 महीने की अवधि में कोई पिछला अपराध नहीं किया था। तीनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के डेविड बून द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर आसिफ याकूब और माइकल गॉफ, तीसरे अंपायर रिचडर् इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने आरोप लगाए थे।

## 2034 फीफा विश्व कपः सऊदी अरब में शराब पर प्रतिबंध, राजदूत ने की पुष्टि

**लंदन (हि.स.)।** सऊदी अरब में 2034 फीफा विश्व कप के दौरान शराब की अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्रिटेन में सऊदी राजदूत प्रिंस खालिद बिन बंदर अल सऊद ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की। एलबीसी रेडियो स्टेशन को दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि सऊदी अरब में कहीं भी शराब नहीं बेची जाएगी। यह फैसला 2022 कतर विश्व कप से अलग है, जहां विशेष प्रशंसक क्षेत्रों और पांच सितारा होटलों में ऊंची कीमतों पर शराब उपलब्ध थी। प्रिंस खालिद ने कहा, "फिलहाल, हम शराब की अनुमति नहीं देते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि सऊदी अरब अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए विश्व कप की मेजबानी करेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "हर किसी की अपनी संस्कृति होती है। हम अपनी संस्कृति की सीमाओं के भीतर लोगों को समायोजित करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम किसी और के लिए अपनी संस्कृति को बदलना नहीं चाहते।"

## रजत पाटीदार बने आरसीबी के नए कप्तान




**नई दिल्ली(हि.स.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को अपने नए कप्तान की घोषणा कर दी है। फ्रेंचाइजी ने मध्यक्रम के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। पाटीदार से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस टीम की कमान संभाल रहे थे। पिछले साल मेगा नीलामी से पहले आरसीबी ने डु प्लेसिस को रिलीज कर दिया था। वह 2022 से 2024 तक टीम के कप्तान थे। 40 साल के डु प्लेसिस इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते नजर आएंगे। टीम के स्टार खिलाड़ी एवं पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रजत के कप्तान बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट वीडियो में कहोली ने कहा कि मैं आप सबको यह बात बताना चाहता हूं कि रजत पाटीदार अब आरसीबी के नए कप्तान होंगे।

## राजस्थान रॉयल्स ने साईराज बहुतुले को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया



**जयपुर (आईएएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी में से एक, राजस्थान रॉयल्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को टीम के स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। 52 वर्षीय साईराज बहुतुले 2018-21 से सेटअप का हिस्सा रहे हैं और रॉयल्स में वापस लौटे हैं। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव का खजाना है। भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक दिग्गज खिलाड़ी, बहुतुले के पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 630 से अधिक विकेट और 6,000 रन बनाने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। उन्होंने दो टेस्ट और आठ वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और तब से एक सफल कोचिंग करियर में तब्दील हो गए हैं, जिसमें उन्होंने मुंबई, बंगाल, केरल और भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम जैसी टीमों का मार्गदर्शन किया है।

## भारतीय महिला टीम प्रो लीग मैचों से पहले घरेलू समर्थन पर निर्भर

**भुवनेश्वर (आईएएनएस)।** पिछले साल नवंबर में उल्लेखनीय महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के बाद, भारतीय टीम 15 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग मैचों में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत 15 और 16 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 18 और 19 फरवरी को स्पेन के खिलाफ मुकाबला होगा। टीम 21, 22 फरवरी और 24, 25 फरवरी को क्रमशः विश्व नंबर 4 जर्मनी और विश्व नंबर 1 नीदरलैंड जैसे चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगी। भारत की अगुआई अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे कर रही हैं, जबकि उनके साथ डिप्टी नवनीत कौर हैं। सविता, सुशीला चानू, निक्की प्रधान, वंदना कटारिया, उदिता, लालरेमसियामी और शर्मिला देवी जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ दीपिका, सुनिलिता टोप्पो और ज्योति जैसी युवा खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारत के पास एक संतुलित टीम है। भारतीय खिलाड़ी महिला हॉकी इंडिया लीग में अपने हालिया प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट में उतर रही हैं, जिसमें राजगीर में उनकी प्रतिष्ठित महिला एसीटी जीत शामिल है। पिछले सीज़न में, भारत का अभियान निराशाजनक रहा था, 16 मैचों में केवल आठ अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहा और प्रतिष्ठित प्रो लीग के दौरान केवल 16 गोल कर सका और घरेलू दर्शकों के समर्थन से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा।



# पिछले तीन महीने में जॉब मार्केट नौ प्रतिशत बढ़ा, 'ग्रीन जॉब' में उछाल : रिपोर्ट

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** देश के जॉब मार्केट में जोरदार वृद्धि देखी जा रही है। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन महीने में व्हाइट-कॉलर हायरिंग में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जॉब एंड टैलेंट प्लेटफॉर्म, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी एंड एमई) की रिपोर्ट से पता चला है कि 'ग्रीन जॉब्स', जो पर्यावरण को संरक्षित या बहाल करने में योगदान देती हैं - एक प्रमुख आकर्षण के रूप में सामने आई हैं। पिछले दो साल में स्वच्छ ऊर्जा पहलों के विस्तार से इनमें 41 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है।

सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्र ग्लोबल नेट-जीरो एमिशन लक्ष्यों से प्रेरित होकर इस वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं।

बेंगलुरु, दिल्ली और पुणे इन भूमिकाओं के लिए प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।




रिन्यूएबल एनर्जी, ईवी और ग्रीन हाइड्रोजन पहलों से प्रेरित होकर, साल 2025 में ग्रीन जॉब की मांग में 11 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इसके अलावा, रिपोर्ट से पता चला है कि यात्रा और पर्यटन, रिटेल और ऑटोमोटिव जैसे क्षेत्रों में भी भर्ती में दहाई अंक की वृद्धि दर देखी जा रही है। मजबूत आर्थिक स्थिति, उद्योग की उभरती जरूरतें और सहायक सरकारी नीतियां - विशेष रूप से डिजिटल कौशल और स्टार्टअप विकास में - वृद्धि के इस रुझान को बढ़ावा दे रही हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने में मदद कर रही हैं। फाउंडिट के मुख्य राजस्व एवं विकास अधिकारी प्रणय काले ने कहा, "भारत का जॉब मार्केट मजबूत गति से बढ़ रहा है, जिसमें प्रमुख उद्योगों में भर्ती में उछाल आ रहा है। यात्रा, खुदरा और ग्रीन जॉब जैसे क्षेत्रों में निरंतर गति देखी जा रही है, जो व्यावसायिक आत्मविश्वास और उद्योग की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाती है।"

उन्होंने कहा, "विशेष रूप से ग्रीन जॉब्स में पिछले दो वर्षों में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। "प्रमुख बजट प्रावधानों सहित सरकारी नीतियां इस बदलाव को विशेष रूप से रिन्यूएबल एनर्जी, ईवी और स्थिरता-केंद्रित उद्योगों में गति दे रही हैं।" रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी 2025 में भर्ती में 32 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो बाजार में नए सिरे से विश्वास का संकेत देती है। बेंगलुरु ग्रीन जॉब मार्केट में सबसे आगे है, जो अकेले 23 प्रतिशत अवसर पेश करता है। इसके बाद दिल्ली एनसीआर 17 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। पुणे और मुंबई 14-14 प्रतिशत का योगदान देते हैं, जबकि चेन्नई, जयपुर और हैदराबाद भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।काले ने कहा, "जैसे-जैसे मेट्रो शहरों से परे भर्ती का विस्तार हो रहा है, टियर-2 हब भी प्रमुख रोजगार केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं, जो भारत के भविष्य के लिए तैयार, हरित अर्थव्यवस्था में बदलाव को मजबूत कर रहे हैं।"

## भारतीय शेयर बाजार सपाट हुआ बंद

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट बंद हुआ। बाजार में सभी सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार देखा गया। सेंसेक्स 32 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,138 और निफ्टी 13 अंक की गिरकर 23,031 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में गिरने वाले शेयरों की संख्या अधिक थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,089 शेयर लाल निशान में, 1,858 शेयर हरे निशान में और 127 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। निवेशकों की निगाहें देर रात वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मीटिंग पर हैं और इसमें होने वाले निर्णयों का असर शुक्रवार को बाजार में देखने को मिल सकता है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 124 अंक या 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,881 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,973 पर था। निफ्टी में फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, प्राइवेट बैंक, कमोडिटी और पीएसई इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे।




## भारत में टैबलेट बाजार में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी 5जी शिपमेंट में 424 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के टैबलेट बाजार में 2024 में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के टैबलेट बाजार में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि मुख्य रूप से 5जी टैबलेट शिपमेंट में उछाल के कारण दर्ज हुई, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 424 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, 2024 में भारत में कुल टैबलेट बाजार में एप्पल ने 29 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसके बाद सैमसंग 28 प्रतिशत और लेनोवो 16 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। एप्पल



ने एक साल में पहली बार भारत में दस लाख से अधिक आईपैड शिप कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। हालांकि, सैमसंग 2024 की चौथी तिमाही में 29 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में अग्रणी बनकर उभरा, उसके बाद लेनोवो 23 प्रतिशत और एप्पल 21 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## भारत के टियर 2 और 3 शहरों में तेजी से बढ़ रहे वेयरहाउस, जीएसटी आने से हुआ फायदाः रिपोर्ट

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारत की कुल वेयरहाउसिंग स्टॉक क्षमता 2024 में बढ़कर 533.1 मिलियन स्क्वायर फीट हो गई है। साथ ही टियर 2 और 3 शहरों का योगदान बढ़कर 100 मिलियन स्क्वायर फीट या 18.7 प्रतिशत हो गया है। यह जानकारी गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। रियल एस्टेट फर्म जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि यह शिफ्ट हब-एंड-स्पोक मॉडल की दिशा में देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जो जीएसटी के कार्यान्वयन के दौरान कल्पना की गई अंतिम-मील डिलीवरी क्षमताओं में सुधार करता है। रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी लागू होने के बाद से देश के प्रमुख



शहरों में वेयरहाउसिंग बाजार में मजबूत वृद्धि हुई है। विकास का विस्तार अब उभरते टियर 2 और 3 शहरों तक हो रहा है क्योंकि लॉजिस्टिक क्षेत्र अब हब और स्पोक मॉडल पर काम कर रहा है। उभरते शहरों में 2024 में मजबूत 100 मिलियन वर्ग फुट का स्टॉक देखा गया, जो 2017 की तुलना चार गुना अधिक है।

### श्रम विभाग व नियोजनालय अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न ट्रेडों में खाली सीट को भरने के लिए प्रचार-प्रसार करें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में श्रम विभाग व जिला नियोजलानय अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बारे में विचार- विमर्श किया गया। इस दौरान महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार के प्रशिक्षण अधिकारी ने अपने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नामांकन, अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने विभिन्न ट्रेडों में खाली सिटों को भरने के लिए लोगों के बीच में प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया, ताकि अगले सत्र में अधिक नामांकन हो। उसके उपरांकत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह के प्रशिक्षण अधिकारी ने बरवाडीह के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कई निर्देश दिए गए व भवन सुदृढ़िकरण के लिए विभागीय स्तर से त्वरित कर्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदवा के प्रभारी प्राचार्य ने अपने संस्थान के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाड़ के प्रभारी प्राचार्य ने अपने संस्थान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला, भर्ती कैंप, कैरियर कॉउसलिंग संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने जिला में अधिक रोजगार मेला,भर्ती कैंप आयोजन करने का निर्देश दिया। इसके बाद श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में संबंधित योजनाओं को खर्च पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक, दिनेश भगत सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी व कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस ने 26 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती की नष्ट



**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत इंदुआ, बूढ़ी सखुआ, डकादिरी गांवों में वन भूमि पर 26 एकड़ में फैले अवैध पोस्ता की खेती को लाठी डंडा से पीटकर कर नष्ट किया। थाना प्रभारी ने बातया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। दल ने ट्रैक्टर से खेती को रौंदकर और लाठी-डंडों से पीटकर 26 एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अभियान चलाकर पोस्ते फसल को किया नष्ट

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका हुम्बी और हांडू में गुरुवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर पोस्ते फसल को नष्ट कर दिया गया। रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि 24 डिसमिल जमीन में लगे पोस्ते की फसल को लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया है। पोस्ता की खेती के उन्मूलन को लेकर पूरे क्षेत्र में इन दिनों लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बड़े पैमाने पर फसल नष्ट कर नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ दी गई है। इस गोरखधंधे में शामिल अपराधी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। बता दें पिछले एक माह के भीतर हेसातु, सिदपा, मारंगलोईया के जंगलों में लगे बड़े पैमाने पर फसल नष्ट किया गया हैं। अभियान में प्रभारी फॉरेस्टर ललटू कुमार, वनरक्षी मुरारी प्रजापति, सुनील उरांव, नीरज कुमार, अंकित कुमार समेत थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री, दी सांत्वना

**कांडी।** बिंदास न्यूज गढ़वा के संस्थापक निदेशक एवं युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के आकस्मिक निधन पर पूरे पलामू प्रमंडल में शोक की लहर है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उनके पैतृक गांव अधौरा (कांडी थाना) स्थित आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री ने दिवंगत पत्रकार के पिता वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा और बच्चों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में आप अकेले नहीं हैं। सरकार और हम सभी आपके साथ खड़े हैं। किसी भी जरूरी या विपरीत परिस्थिति में बेझिझक संपर्क करें। उन्होंने आश्रित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और प्रशासन से भी परिवार को सहयोग देने की अपील की।

### बीडीओ को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोदरा पंचायत के ग्राम हरिगंवा के निवासी उपेंद्र सिंह की पत्नी सोनी देवी ने अबुआ आवास योजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पंचायत सचिव पर महिला ने आरोप लगाया कि आवास का आवेदन स्वीकृत करने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। महिला का कहना है कि वह कर्ज लेकर कुछ राशि दी थी। इसके बाद आवास स्वीकृत किया गया था। लेकिन पंचायत सचिव द्वारा पुनः रिश्वत की मांगा की जाने लगी। असमर्थता जताने पर मेरा आवास रद्द कर दिया गया। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि पंचायत सचिव द्वारा पैसा मांगा गया था, तो तत्काल ही इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी।

### महिला ने भाई समेत 11 पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव निवासी दीपा कुमारी (पति अभय कुमार पासवान) ने थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी को आवेदन देकर अपने भाई अविनाश कुमार,माता मीना देवी(पति दिलीप पासवान), चाचा शैलेश कुमार सहित 11 लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह 12फरवरी को कोर्ट में केस के तारीख पर जा रही थी। इसके बाद रास्ते में उन लोगों ने रोक कर धमकी दिया और कहा कि केस उठा लो, नहीं तो जान से मार देंगे।

## 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए भिक्षाटन अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली ने 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए भिक्षाटन अभियान शुरू किया। गुरुवार को उन्होंने डंडई मुख्य बाजार, पुरानी बाजार और अन्य टोलों में भ्रमण कर ग्रामीणों से आर्थिक सहयोग मांगा। ग्रामीणों ने चुनरी का आंचल फैलाकर दिए गए आह्वान का समर्थन करते हुए उदारतापूर्वक सहयोग दिया। विकास माली ने बताया कि 19 फरवरी को गढ़वा स्थित टंडवा के दानरो नदी तट पर कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ग्रामीणों ने विकास माली के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 251 कन्याओं का विवाह कराना एक महान कार्य है। यह पहल नए समाजसेवियों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर दीनानाथ पांडे, आकाशदीप भारती, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

### जिला समन्वय समिति ने की समीक्षा, दिए निर्देश

# अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें: डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं एवं विभिन्न निकायों के पदाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिले में संचालित सड़क, भवन, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत, खेल, नीति आयोग एवं एनएच की योजनाओं की समीक्षा की गई और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि बिना एनओसी कोई भी कार्य न किया जाए। साथ ही पेयजल आपूर्ति योजना के तहत बिछाए जा रहे पाइपलाइन से सड़कों को हो रही क्षति की भरपाई संबंधित एजेंसी द्वारा मरम्मत कराई जाएगी। खराब पड़े जलमीनारों को चिन्हित कर शीघ्र मरम्मती कराने का आदेश भी दिया गया। विद्युत विभाग को पथ निर्माण विभाग एवं एनएच के समन्वय से क्षतिग्रस्त बिजली पोलों की मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया। खेल विभाग के अंतर्गत निमार्णाधीन खेल मैदानों एवं पर्यटन स्थलों के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति पर चर्चा हुई। सिविल सर्जन गढ़वा को सभी लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, विभिन्न अभियंत्रण विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के पदाधिकारी, सिटी मैनेजर सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### वक्फ पर जेपीसी...

सभी असहमति वाले विचार इसमें शामिल किए गए हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से सदन को गुमराह नहीं करने की भी अपील की। राज्यसभा में महाराष्ट्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्य मेघा विश्राम कुलकर्णी ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन सदन में रखा। इसके तुरंत बाद विपक्ष के सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेता सदन जेपी नड्डा से अनुरोध किया कि सभी असहमति वाले विचार रिपोर्ट में शामिल करके रिपोर्ट को दोबारा से पेश किया जाए। उन्होंने नेता सदन से अनुरोध करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट असंवैधानिक है, इसे दोबारा जेपीसी को भेजा जाए। राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने बिल्कुल स्पष्ट तौर पर स्थिति साफ कर दी है। इसके बावजूद हो रहे हंगामे पर उन्होंने हैरानी व्यक्त की। वहीं, कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट पर सदन को गुमराह किया जा रहा है। असहमति नोट इसमें शामिल नहीं है, यह एक अधूरी और फर्जी रिपोर्ट है, इसे वापस किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि जेपीसी के अध्यक्ष को विशेष शक्तियां दी गई हैं, इन शक्तियों के तहत वे अनुपयुक्त टिप्पणियों को निकाल सकते हैं। उन्होंने विपक्ष से कहा कि यह नियम आपके समय के हैं। इसके साथ ही भूपेंद्र यादव ने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट नियम के हिसाब से तैयार की गई है। विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे तथ्य आधारहीन एवं गलत हैं। गौरतलब है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और विनियमन से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए है।

### नया इनकम टैक्स...

इससे भारत का टैक्स बेस मजबूत होगा और लंबे समय में आय स्थिरता में सुधार होगा। यह कानून भारत के टैक्स सिस्टम को ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के करीब भी लाता है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें टेक्नोलॉजी से संचालित असेसमेंट पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अधिक स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए नए इनकम टैक्स बिल में व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए व्याख्या को आसान बनाने के लिए टैक्स प्रावधानों को समझाने के लिए तालिकाएं, उदाहरण और सूत्र भी शामिल किए गए हैं। टैक्स कानूनों को सरल बनाकर नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार की कोशिश है कि बिजनेस अपना ध्यान वृद्धि पर लगाए, न कि टैक्स प्लानिंग पर। इससे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### योजना ससमय पूरा...

वहीं, ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ रुपए का ऋण प्रक्रियाधीन है। समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ रुपए की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं, जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ रुपए की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ रुपए की योजनाओं की प्रगति बेहतर पाई गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्दीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### सोनाहातू के डिबाडीह...

काम करने वाले रंजीत साहू और उनकी पत्नी मीना देवी की घर में लगी आग की चपेट में आकर मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक बाइक मिस्त्री रंजीत साहू खुदरा में लाकर पेट्रोल और डीजल भी बेचता था। रात में जब शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी, तो वहां रखे पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने भयावह रूप ले लिया। रंजीत और उसकी पत्नी को भागने का मौका नहीं मिला और दोनों की जलकर मौत हो गई।

### देवघर के मधुपुर...

देवघर जिले के सभी थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि अपराधियों को इस बात की जानकारी थी कि संजय दास स्कूल से निकलकर कहीं जाने वाले हैं। वे रास्ते में घात लगाकर उनका इंतजार कर रहे थे। करीब पहुंचते ही उन पर बम फेंके गए। पुलिस यह पता लगा रही है कि उनकी किसी से रंजिश तो नहीं थी। इस संबंध में स्कूल के अन्य शिक्षकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस संजय दास का कॉल डिटेल्स भी निकाल रही है, ताकि यह पता चल सके कि उन्हें किसी ने कॉल कर ड्यूटी के घंटों में कहीं बुलाया तो नहीं था। पुलिस अफसरों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों का पता लगा लिया जाएगा।

## मिशन वात्सल्य के तहत 37 आवेदनों को अनुमोदित किया गया

**▶▶ उपायुक्त की अध्यक्षता में एसएफसीएसी की बैठक**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में 'मिशन वात्सल्य' अंतर्गत प्रायोजन व पालन-पोषण देख-रेख अनुमोदन समिति (एसएफसीएसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम द्वारा समिति के सदस्यों को जानकारी दी गई कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रायोजन व पालन पोषण देखभाल अनुमोदन समिति द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत एकल माता के बच्चों, अनाथ बच्चों, एचआईवी पीड़ित के बच्चों, दिव्यांग के बच्चों को 4000 प्रतिमाह का आर्थिक सहयोग, 3 वर्षों तक अथवा बच्चों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक लाभ दिया जाता है। वर्तमान में उक्त योजना से 209 बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बैठक में समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए कुल 37 आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित कुल 37 आवेदनों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया, जिनमें देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को लाभ प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 65 लाभार्थियों के बीच पोषण किट का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडाल्को चकला कोल माइंस कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत बुधवार को चकला परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी मुद्दों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र नगर में आंचल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम की शुरूआत कंपनी के यूनिट हेड दीपक लंका,एचआर हेड प्रकाश कुमार,अनुनय कुमार,मुखिया रंजीता एक्का व स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अकबर ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत गर्भवती और धात्री महिलाओं को लेकर महत्वपूर्ण पहल 1000 दिनों के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह पहल गर्भधारण से लेकर उनके शिशुओं के दूसरे जन्मदिन तक बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान स्वास्थ्य और पोषण के महत्व को लोगों तक पहुंचाना है। इसका उद्देश्य मातृ और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार कर समाज के लिए एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक प्रयास है। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लाभार्थियों और परिवारों को जागरूक करना और माताओं (गर्भवती और धात्री ) को सहायता प्रदान करना है। आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत धात्री और गर्भवती महिलाओं को प्रति माह पोषण किट भी प्रदान किया जायेगा। मातृ व शिशु स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से स्वस्थ्य परिवार के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं और बच्चे (0-2 वर्ष) का ट्रैक रखना, टीकाकरण कवरेज में सहायता प्रदान करना है। इस दौरान मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्ड लॉन्च किया गया तथा 65 लाभार्थियों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मौके पर चकला कोल माइंस से डॉ. प्रियंका, आशा बाड़ा, सीताराम, चकला पंचायत के चकला, नवाटोली, अंबाटांड व नगर ग्राम के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# किसानों को खुले बाजार या पैक्स से नहीं मिल रहा यूरिया खाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानों या पैक्स में यूरिया खाद का भंडारण चार दिनों से शून्य है। इससे प्रतिदिन किसानों को प्रखंड मुख्यालय आने के बाद खुले बाजार में भी चार दिनों से मंहगें दर भी खाद नहीं मिल पा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों में रोष इस बात को लेकर है कि सरकार व प्रशासन एक ओर खेती व अच्छी उपज करने के प्रति लगातार विभिन्न स्तरों पर जागरुक करने का काम करती है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य सह किसान रविन्द्र कुमार सिंह व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जायसवाल, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान, सज्जू खान सहित कई किसानों ने कहा कि वर्तमान में गेहूं की खेती कार्य में यूरिया खाद देने की अत्यंत जरुरत है। बावजूद उन्हें किसी भी स्तर से खाद मुहैया नहीं कराया जाता है। खाद बिक्रेता अनील कुमार, अनूप कुमार सिंह, गणेश प्रसाद आदि ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान में यूरिया खाद का स्टॉक खत्म होने की जानकारी चार दिनों पूर्व ही मेदिनीनगर स्थित नामित थोक बिक्रेता सह वितरक को दी गई है। बावजूद उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो सका है। पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गोदाम में किसानों के लिये एक छंटाक भी यूरिया नहीं है। जिससे किसानों के जरुरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद का रेक मेदिनीनगर में आने की अब तक प्रतिक्षा सभी स्तर से किया जा रहा है। किन्तु सवाल यह है कि ससमय किसानों को खाद नहीं मिला, तो उनके गेहूं आदि फसलों की बबार्दी के जिम्मेवार कौन होंगे।

**पूजा-पाठ**

## चार धाम में अखंड कीर्तन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# श्री राम नाम के जप से सभी कष्ट दूर होते हैं : शशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय श्री चारधाम मंदिर परिसर में 20वां वर्ष का अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री चारधाम मंदिर पूजा समिति द्वारा की गई। भगवान शिव जी, देवी मां, बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर की गई। भजन मंडली द्वारा अनवरत 12 घंटा का हरे राम हरे कृष्ण नाम का जाप किया गया। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीराम श्री कृष्ण मय हो गया। हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने माघ पूर्णिमा का दिन बेहद की शुभ माना जाता है। इस दिन दिन भगवान प्रभु श्रीराम व श्रीकृष्ण नाम के जप से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। जहां तक श्रीराम नाम का स्वर पहुंचेगा वहां तक पूरा क्षेत्र व वातावरण विशुद्ध हो जाता है। भक्ति भाव से किया गया भजन की आवाज प्रभु तक निश्चित पहुंचता है। चारधाम मंदिर पूजा समिति अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, शंकर विश्वकर्मा, कुमार अजित, सरयू चौधरी,ग अशोक विश्वकर्मा, पुजारी बाबा द्रोणाचार्य तिवारी, अयोध्या गुप्ता, वशिष्ट सिंह, भुनेश सिंह, लालबिहारी चौधरी, कृष्णा राम, श्यामनारायण साव, रक्षया साव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अवधबिहारी सिंह, रामप्रवेश राम सहित अन्य मौजूद थे।

## अविलंब अबुआ आवास को पूर्ण करें : बीडीओ

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के हुरनाली पंचायत भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक मुख्या रुप से पंचायत में संचालित सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्यवन व विभागों के पदाधिकारी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर किया गया था। इसमें पंचायत में संचालित योजनाओं की एजेंडावार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने, पीएम आवास योजना अंतर्गत छूटे लाभुको के सर्वे का कार्य पीडब्लूएल सूची के अनुसार अविलंब पूर्ण करने को कहा गया। अबुआ आवास के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम जेएसएलपीएस द्वारा चलाने की बात कही।

# नैसकॉम फाउंडेशन और मैथको ने 'न्यूरोडायवर्जेंट' युवाओं के लिए एआई ट्रेनिंग प्रोग्राम किया लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नैसकॉम फाउंडेशन ने मैथको (द मैथ कंपनी) के साथ साझेदारी में गुरुवार को डेटा एनोटेशन में 'न्यूरोडायवर्जेंट' युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए एक स्पेशल स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम लॉन्च किया। "न्यूरोडाइवर्जेंट" शब्द आमतौर पर उन लोगों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर हैं। इनके दिमाग सूचनाओं को ऐसे तरीके से समझते हैं जो ज्यादातर लोगों से अलग होता है। इस पहल का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बढ़ते क्षेत्र में उनके लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। इस प्रोग्राम में टेक्निकल और सॉफ्ट स्किल दोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 50 न्यूरोडायवर्जेंट व्यक्तियों को ट्रेन किया जाएगा। ट्रेनिंग दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतिभागी डेटा एनोटेशन सीखेंगे, जो एआई मॉडल के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। साथ ही उन्हें वर्क प्लेस में सफल होने में मदद करने के लिए मेंटरशिप और कॉन्फिडेंस बिल्डिंग सपोर्ट भी मिलेगा। हाल ही में, नैसकॉम फाउंडेशन ने नीति आयोग के साथ साझेदारी में कहा कि कंपनी भारत के एस्पिरेशनल ब्लॉक में एक लाख लोगों को डिजिटल रूप से सशक्त बना रहा है।



## 'निरंतर सीखना' विकसित दुनिया में आगे रहने की कुंजी है

नैसकॉम फाउंडेशन की सीईओ ज्योति शर्मा ने कहा, "हमारा मानना है कि वास्तव में इन्क्लूसिव भारत की शुरुआत सुलभ और सशक्त वातावरण बनाने से होती है।"मैथको के सीओओ और सह-संस्थापक आदित्य कुंभकोणम ने कहा, "सीखना सशक्तीकरण की दिशा में पहला कदम है और 'निरंतर सीखना' एक विकसित होती दुनिया में आगे रहने की कुंजी है।" उन्होंने कहा कि ये युवा व्यक्ति न केवल इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएंगे बल्कि अपने करियर के निर्माण के साथ-साथ आगे बढ़ते रहेंगे। नैसकॉम फाउंडेशन न्यूरोडायवर्जेंट कर्मचारियों के लिए एक सहायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए नियोक्ताओं के लिए निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसका लक्ष्य कम से कम 60 प्रतिशत प्रतिभागियों को आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विस (आईटीईएस) सेक्टर में इंटर्नशिप और नौकरियों में रखना है। डेटा एनोटेशन, जिसमें एआई मॉडल को ट्रेन करने के लिए डेटा को लेबल करना और टैग करना शामिल है, एक ऐसा कौशल है जिसकी बहुत मांग है क्योंकि 'एआई एप्लीकेशन' उद्योगों में बढ़ते जा रहे हैं।

# तकलामकान रेगिस्तान में अति गहरे कुओं का नया बैच खोदा गया

**एजेंसी। बीजिंग**



वर्ष 2025 की शुरुआत में, तकलामकान रेगिस्तान के बीचों-बीच नए लगाए गए अल्ट्रा-डीप कुओं की एक के बाद एक खुदाई शुरू कर दी गई। 6,000 मीटर से ज़्यादा गहरे कुओं को अल्ट्रा-डीप वेल कहा जाता है। चीन पृथ्वी के अंदर तेल और गैस संसाधनों की खोज में तेजी ला रहा है और तकलामकान रेगिस्तान में अपना सबसे बड़ा अल्ट्रा-डीप कच्चा तेल उत्पादन क्षेत्र बना रहा है। चीन के शिनच्यांग उइगुर स्वायत्त प्रदेश के अक्सू क्षेत्र के शाया काउंटी में स्थित मेनशन 72-एच6 कुएं को हाल ही में 8,735 मीटर की निर्धारित गहराई तक खोदा गया। चाइना पेट्रोलियम (पेट्रो चाइना) के वेस्टर्न ड्रिलिंग बाज़ोंग शाखा की ड्रिलिंग टीम के प्रभारी ल्यू हैबो ने कहा कि उनकी टीम ने 12 घंटे में 1,000 मीटर भूमिगत ड्रिलिंग की और इस कुएं के निर्माण में उनकी चुनौतीपूर्ण अवधि 95 दिन है। तकलामकान रेगिस्तान के हृदयस्थल में पीली रेत के नीचे तेल और गैस के समृद्ध संसाधन छिपे हुए हैं। लेकिन, ये तेल और गैस जमीन के नीचे 7 या 8 हजार मीटर गहराई में दबे हुए हैं। इसी कारण इनका दोहन करना बहुत कठिन है। अल्ट्रा-डीप कुओं की ड्रिलिंग के इस बैच के कार्यान्वयन से चीन में तेल और गैस भंडारों के उपयोग में तेजी आएगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा

# भारत-अमेरिका पृथ्वी के बेहतर भविष्य के लिए करेंगे मिलकर काम

**एजेंसी। वाशिंगटन**




अमेरिका पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली औपचारिक आधिकारिक बैठक में अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। बुधवार को तुलसी गबार्ड को अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस बनाए जाने की पुष्टि की गई। बुधवार रात बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। भारत-अमेरिका मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।" प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप गुरुवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "हमारे देश अपने लोगों के लाभ और हमारे ग्रह के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। बुधवार को सीनेट में देश की शीर्ष खुफिया पद के लिए हुए मतदान में गबार्ड ने जीत हासिल की और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने से कुछ घंटे पहले ही शपथ ली। उन्हें 52 वोट मिले। केवल एक रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर उनके खिलाफ वोट किया।

गबार्ड एक अमेरिकी हिंदू हैं। उनके विरोधियों में से कुछ ने उनके खिलाफ अपने अभियान में उनके धर्म का इस्तेमाल किया। प्रतिनिधि सभा में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के दौरान, वह भारत की प्रबल समर्थक रहीं। उन्होंने हाउस इंटेलिजेंस सब-कमेटी और सशस्त्र बल समिति में भी काम किया। वह डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य रही और बाद में ट्रंप की सहयोगी बन गईं।

अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने गबार्ड को पद की शपथ दिलाई, जिन्हें ट्रंप ने असाधारण साहस और देशभक्त अमेरिकी महिला बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें आर्मी नेशनल गार्ड में तीन बार तैनात किया गया था और वह एक पूर्व डेमोक्रेटिक कांग्रेस वुमन हैं। हवाई से डेमोक्रेटिक कांग्रेस वुमन 43 वर्षीय गबार्ड को जासूसी एजेंसियों की देखरेख के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में द्विदलीय संदेह का सामना करना पड़ा था। गबार्ड ने राष्ट्रपति को उनके प्रति विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और शपथ ग्रहण के बाद " खुफिया समुदाय को फिर से केंद्रित करने" की कसम खाई। नए खुफिया प्रमुख ने कहा कि दुर्भाग्य से अमेरिकी लोगों को खुफिया समुदाय पर बहुत कम भरोसा है। मुख्यतः इसलिए क्योंकि उन्होंने एक ऐसी इकाई का हथियारीकरण और राजनीतिकरण देखा है, जिसे पूरी तरह से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। वह पहले भी कई बार पीएम मोदी से मिल चुकी हैं। साल 2019 में एक बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है। उन्होंने कहा, "यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने दोनों देशों के बीच इस साझेदारी को मजबूत करना जारी रखें, जिसे लंबे समय से डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों नेताओं का समर्थन प्राप्त है।" इस बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बुधवार की बैठक के दौरान चर्चा आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और उभरते खतरों से निपटने के लिए खुफिया सहयोग बढ़ाने पर भी केंद्रित थी। पोस्ट में कहा गया है, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ एक सार्थक बैठक की। आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और उभरते खतरों से निपटने में खुफिया सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## शंभुराज ने 'ऑपरेशन टाइगर' को बताया 'मीडिया की गढ़ी हुई बात'

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में आबकारी मंत्री और एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना नेता शंभुराज देसाई ने 'ऑपरेशन टाइगर' को पूरी तरह से मीडिया द्वारा गढ़ी गई बात बताया है। शंभुराज देसाई ने स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से ऐसा कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है कि 'ऑपरेशन टाइगर' चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "जब संसद या विधानसभा का सत्र होता है, तो भोज का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जाता है। ऐसे में केवल भोज में शामिल होने को किसी ऑपरेशन का हिस्सा कहना गलत होगा।"

# काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का दान बना रहा हर दिन नए रिकॉर्ड

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए जा रहे दान आए दिन नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर की हुंडी में अब तक 7 करोड़ रुपये से अधिक का दान किया है। हालांकि, कुछ हुंडियों और सोने-चांदी के दान की गिनती बाकी है, लेकिन इस आंकड़े के साथ ही यह एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। मंदिर प्रशासन ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी टिकटों पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा से हुंडी में दान दिया, जिससे मंदिर की आय में भी वृद्धि हुई है। यह दान काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रही है और यह श्रद्धालुओं की विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ मंदिर के एसडीएम ने इस संबंध में मीडिया से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि कुंभ के बाद भी यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कॉरिडोर के बनने के बाद यह श्रद्धालुओं का सबसे बड़ा आंकड़ा है। पिछले डेढ़ महीने में अब तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए यह जरूरी था कि मंदिर में मिलने वाले सभी सुगम टिकट को बंद कर दिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 20 दिनों से श्रद्धालुओं को मिलने वाले सभी टिकट को बंद कर दिया गया है। लेकिन, श्रद्धालुओं की आस्था ऐसी है कि वे दिल खोलकर दान दे रहे हैं, जिससे टिकट बंद होने से भी किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

## भाजपा सांसद ने एरो इंडिया 2025 में एचटीटी-40 पर भरी उड़ान, साझा किया अनुभव

**एजेंसी। बेंगलुरू**

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को एरो इंडिया 2025 के आयोजन में हिस्सा लिया और भारतीय स्वदेशी बेसिक ट्रेनर विमान एचटीटी-40 पर उड़ान भरी। सूर्या ने इसे एक शानदार अनुभव बताया। भाजपा सांसद ने कहा कि 2014 के बाद इस विमान को हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा सरकार के प्रोत्साहन से पुनर्जीवित किया गया है।तेजस्वी सूर्या ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि यह सच में बहुत अच्छा अनुभव था। एचटीटी-40 भारत में तैयार हुआ सबसे एडवांस ट्रेनर जेट है। हमारे देश के सभी पायलटों को इसी विमान में ट्रेनिंग दी जाती है। इसे भारत के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि साल 2012 में यूपीए सरकार के दौरान इस विमान को प्रोत्साहित करने के बजाय स्विट्जरलैंड की कंपनी पिलाटिस से 3 हजार करोड़ रुपये खर्च करके विमान खरीदे गए थे। इसमें 400 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ था। बाद में इसकी सीबीआई जांच हुई और फिर पिलाटिस कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया था। सूर्या ने आगे कहा कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद और रक्षा मंत्री के रूप में मनोहर परिकर के नेतृत्व में एचएएल को पर्याप्त फंडिंग और प्रोत्साहन मिला।

## चीन का वृहद उपभोक्ता बाजार विशाल सहयोग के अवसर प्रदान करता है : चीनी प्रवक्ता

**एजेंसी। बीजिंग**

हाल ही में, कई वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी 2025 आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट का मानना है कि चीन का उच्च गुणवत्ता वाला विकास धीरे-धीरे परिणाम दिखा रहा है और उपभोग एवं सेवाओं के अनुपात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इसकी चर्चा करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने गुरुवार को पेइचिंग में आयोजित एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन का अति-बड़ा उपभोक्ता बाजार सभी देशों के लिए विशाल सहयोग के अवसर प्रदान करता है। अभी-अभी संपन्न चीनी पारंपरिक त्योहार वसंत महोत्सव की छुट्टियों के दौरान, चीन के उपभोक्ता-संबंधित उद्योगों की औसत दैनिक बिक्री राजस्व में साल-दर-साल 10.8% की वृद्धि हुई, जिनमें से वस्तु उपभोग और सेवा उपभोग में क्रमशः 9.9% और 12.3% की वृद्धि हुई और समग्र सीमा-पार यात्रा ऑर्डर में साल-दर-साल 30% की वृद्धि हुई। अमेरिकी सिटीग्रुप ने एक रिपोर्ट में कहा कि "चीन के सांप वर्ष की अच्छी शुरुआत हुई है।" प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने कहा कि चीन का उपभोक्ता बाजार "मात्रा" से "गुणवत्ता" की ओर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। चीन के उपभोक्ता बाजार में तेजी से हो रही वृद्धि न केवल मांग में सुधार को दर्शाती है, बल्कि चीन की अर्थव्यवस्था के विकास में सभी क्षेत्रों के बढ़ते विश्वास को भी दर्शाती है।

# यूक्रेन संघर्ष हल करने को लेकर ट्रंप-पुतिन की बातचीत सकारात्मक : यूएन

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया है। साथ ही अमेरिका और रूस के नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को "सकारात्मक " बताया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को कहा, "हम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए किए जा रहे किसी भी प्रयास की सराहना करेंगे, जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों पक्ष शामिल हों। अगर वे दोनों एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा।"संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों के बीच बातचीत का सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। फरहान हक ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच नियमित संपर्क से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हम इसे एक सकारात्मक पहल मानते हैं।" व्हाइट हाउस और क्रेमलिन ने बुधवार को अलग-अलग बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि वह और पुतिन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वाशिंगटन और मॉस्को, यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए तुरंत सीधी बातचीत करेंगे। जब संयुक्त राष्ट्र से पूछा गया कि क्या वह इस वार्ता का हिस्सा बनेगा, तो फरहान हक ने कहा, "हमें देखना होगा कि हमें क्या भूमिका निभानी होगी। जैसा कि हम पिछले तीन वर्षों में कई बार कह चुके हैं, अगर दोनों पक्ष हमें बुलाएंगे, तो हम एक सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।"

## अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में कोयला खदान में विस्फोट

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी समांगन प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस के विस्फोट के कारण तीन खनिकों की मौत हो गई। यह घटना दारा-ए-सूफी बाला जिले के एक कोयला खदान में हुई। सिन्हुआ ने प्रांतीय पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट में तीन नाबालिग खनिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर तीनों मृतकों के शव बरामद किए और उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया। यह घटना मंगलवार (12 फरवरी) को हुई।

# परीक्षा पे चर्चा में विशेषज्ञों की राय, टेक्नोलॉजी को 'मास्टर' नहीं 'सेवक' होना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**




नई दिल्ली, 13 फरवरी (आईएएनएस)। विशेषज्ञों ने गुरुवार को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' के तीसरे एपिसोड में कहा कि टेक्नोलॉजी को मास्टर नहीं, सेवक होना चाहिए। इस एपिसोड में एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी राधिका गुप्ता और टेक्निकल गुरुजी गौरव चौधरी ने छात्रों के साथ-टेक्नोलॉजी पर पूरी तरह निर्भर हुए बिना इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल कैसे किया जाए, विषय पर चर्चा की।

राधिका गुप्ता ने कहा, "प्रोफेशनल संदर्भ में, अगर टेक्नोलॉजी हमारी स्किल से आगे निकल जाती है तो यह एक मुद्दा बन जाता है। मैं टेक्नोलॉजी को अपना मास्टर बनाने के बजाय अपना सेवक बनाना चाहती हूं।" उन्होंने कहा कि वह एआई पर निर्भर नहीं रहना चाहती, बल्कि इसे खुद करना चाहती हैं, भले ही इसमें अधिक समय लगे।

गुप्ता ने कहा, "मेरा पैशन लिखना, वाक्य बनाना और शब्दों से खेलना है, मैं नहीं चाहती कि एआई मेरे लिए 800 शब्दों का निबंध लिखे; मैं इसे खुद करना चाहती हूं। मैं खुद को लगातार याद दिलाती हूं कि इसके लिए एआई पर निर्भर न रहूं, भले ही इसमें अधिक समय लगे।" गौरव चौधरी ने कहा कि हालांकि टेक्नोलॉजी ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन समय के साथ हम टेक्नोलॉजी पर अधिक निर्भर हो गए हैं, जिससे फोन नंबर जैसी सरल चीजों को याद रखने की हमारी क्षमता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, "हमारी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह हमारे स्किल सेट, हमारी क्रिएटिविटी और हमारे मूल सार को प्रभावित करे।" इसके अलावा, क्लासरूम सेटिंग्स में एआई के इस्तेमाल पर विशेषज्ञों ने कहा कि इसे उदाहरणों को दिखाने तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। गौरव चौधरी ने कहा, "मुझे लगता है कि शिक्षक की भूमिका ज्ञान और अनुभव प्रदान करना है। जैसे एक अंग्रेजी शिक्षक यह प्रदर्शित करना चाहता है कि कैसे अच्छा लिखना है, वे कक्षा में कुछ अच्छे उदाहरण दिखाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर सकते हैं।" चौधरी ने कहा, "एआई को एक सहायक के रूप में सोचें जो आपके सभी काम कर सकता है और सबसे अच्छी बात यह है कि यह वेतन भी नहीं लेता है।" इससे पहले गुप्ता ने बताया कि कैसे इस साल 'परीक्षा पे चर्चा' के एडिशन में उन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया गया जो दो दशक पहले प्रासंगिक नहीं थे, जैसे एआई और मेंटल हेल्थ। उन्होंने आईएएनएस से कहा, "'परीक्षा पे चर्चा' जैसे मंच छात्रों को मेंटल हेल्थ, टाइम मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी से जुड़ी चिंताओं पर खुलकर चर्चा करने का अवसर प्रदान करते हैं, क्योंकि वे आज की तेज-तर्रार दुनिया में अत्यधिक तनाव और दबाव का सामना करते हैं।" गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक मित्र और प्रेरक के रूप में खास से आम लोगों को प्रेरित करने की क्षमता के लिए प्रशंसा की।

